● जयपुर, मंगलवार, 4 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 276 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 मतगणना को लेकर प्रदेश में सुरक्षा की होगी त्रिस्तरीय व्यवस्था...

पेज @5 लोकतंत्र में संवैधानिक संस्थाओं के लिए अपमान जनक शब्दों का...

पेज @8 » लोकप्रिय कर्मचारी नेता स्व. श्री हनुमान सिंह जी को...

न्यूज़ अपडेट

## ओडिशा में भीषण गर्मी और लू का कहर, 72 घंटे में 99 लोगों की मौत

**भुवनेश्वर/एजेंसी।** देश के अधिकांश राज्य भीषण गर्मी की चपेट में है. ओडिशा में जानलेवा गर्मी का कहर दिख रहा है. ओडिशा में भीषण गर्मी की चपेट में आकर 72 घंटे में 99 लोगों की मौत हुई है. इन सभी मामलों में से सनस्ट्रोक से 20 लोगों की मौत की पुष्टि पोस्टमार्टम और जांच के आधार पर की गई है. गर्मी के इस सीजन में मौत का आंकड़ा 140 के पार पहुंच चुका है. ओडिशा समेत कई राज्यों हालात गंभीर हैं. राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले शुक्रवार से अब तक भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के कारण 99 लोगों की मौत होने का संदेह है. बयान में बताया गया कि पोस्टमार्टम और प्रशिक्षण के बाद 20 लोगों की मौत सनस्ट्रोक से होने की पुष्टि की गई. इसमें कहा गया कि बाकी मामलों में जांच जारी है.

बयान में कहा गया कि इससे पहले सनस्ट्रोक के कारण 42 संदिग्ध मौत के मामले दर्ज किए गए थे तथा उनमें से छह मामलों में भीषण गर्मी के प्रकोप की वजह से मृत्यु की पुष्टि हुई थी और अन्य की मौत अन्य कारणों से हुई. अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश मौत बोलांगीर, संबलपुर, झारसुगुड़ा, क्योंझर, सोनपुर, सुंदरगढ़ और बालासोर जिले में दर्ज की गईं.

# लोकसभा चुनाव: देशभर में मतों की गणना आज, तैयारी पूरी

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

देश में लोकसभा सभा चुनाव संपन्न हो चुका है. अब देशवासियों को चुनाव नतीजों का इंतजार है. चुनाव के नतीजे कल यानी 4 जून को घोषित किए जाएंगे. निर्वाचन आयोग ने काउंटिंग से जुड़ी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं. मंगलवार को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस बार वोटिंग प्रक्रिया 44 दिनों में पूरी हुई. 7 चरणों में कराए गए मतदान के तहत 19 अप्रैल को चुनाव का प्रथम चरण शुरू हुआ जो 01 जून को अंतिम चरण तक जारी रहा.

एक रिपोर्ट के अनुसार देश में हुए पहले लोकसभा चुनाव के बाद ऐसा पहली बार है जब चुनाव की इतनी लंबी प्रक्रिया से होकर जाना पड़ा हो. रिपोर्ट में बताया गया कि 18वीं लोकसभा चुनाव के तहत वोटिंग के लिए निर्वाचन आयोग ने पुख्ता इंतजाम किए था. चुनाव के सातों चरणों में लगभग 15 मिलियन चुनाव कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया गया था. इसके साथ ही गर्मी के चलते वोटर कहीं घर से बाहर न निकलें, इसके लिए भी निर्वाचन आयोग ने पुख्ता इंतजाम किए थे. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कल




यानी 4 जून को सुबह 8 बजे से काउंटिंग शुरू होगी. काउंटिंग के लगभग 4 घंटे बाद रुझान आने शुरू हो जाएंगे. जबकि 12 बजे के बाद नतीजे आने शुरू होंगे और 3 बजते-बजते तस्वीर साफ होने लगेगी. माना जा रहा है कि शाम 6 बजे तक फाइनल रिजल्ट आ जाएंगे. चुनाव आयोग ने हर एक संसदीय क्षेत्र के लिए एक रिटर्निंग ऑफिसर की व्यवस्था की है. रिटर्निंग ऑफिस के ऊपर मतगणना की पूरी जिम्मेदारी होती है. हालांकि एक रिटर्निंग ऑफिस के साथ कई सहायक अफसर और कर्मचारी भी काम करते हैं.

## दिल्ली के पास ताज एक्सप्रेस के 4 डिब्बों में लगी भीषण आग, सभी यात्री सुरक्षित

● धू-धू कर जल रही ट्रेन देख मचा हाहाकार



**नईदिल्ली/एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से बड़ी खबर सामने आई है. यहां तुगलकाबाद-ओखला के बीच ताज एक्सप्रेस में भयानक आग लग गई है. आग में चार डिब्बे जलकर राख हो गए हैं. वहीं, ट्रेन के डिब्बों से उठती आग की लपटें और धुएं का गुबार देख कर यात्रियों में हड×कंप मच गया. आनन-फानन में घटना की जानकारी रेलवे कंट्रोल रूम को दी गई. सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया. उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं. वहीं, घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं. वीडियो साफ देखा जा सकता है कि कैसे रेल की बोगियां धू-धू कर जल रही हैं. उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने जानकारी देते हुए बताया कि घटनास्थल पर 6 दमकल गाडियां भेजी गईं. डीसीपी रेलवे ने बताया कि किसी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई है. तुगलकाबाद-ओखला के बीच ताज एक्सप्रेस के दो डिब्बों में आग लगने के बाद दमकलकर्मी आग बुझा रहे हैं। सभी यात्री सुरक्षित हैं। डीसीपी रेलवे ने बताया कि ट्रेन में आग लगने की सूचना पीसीआर को शाम 4:41 बजे मिली। मौके पर पाया गया कि ताज एक्सप्रेस ट्रेन के तीन डिब्बों में आग लगी है। ट्रेन को रोका गया। कोई हताहत या घायल नहीं हुआ है। रेलवे द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### आरोपियों के आवास एवं ठिकानों की तलाशी जारी

# आरएसआरडीसी एमडी का सलाहकार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

## जयपुर में राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम (आर.एस.आर.डी.सी.) के दो प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर एवं एक सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी 1 लाख 20 हजार रुपये रिश्वत लेते देते गिरफ्तार

### सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी के घर 92 लाख एवं एक प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर के घर 32 लाख रुपये से अधिक की नगदी बरामद

**चमकता राजस्थान**

जयपुर (खलील कुरैशी), 03 जून, सोमवार । ए.सी.बी. मुख्यालय को मिली एक गोपनीय सूत्र-सूचना पर ए.सी.बी. की जयपुर नगर-तृतीय इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये सियाराम चन्द्रावत अधिशासी अभियंता एवं प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर धौलपुर, लक्ष्मण सिंह अधिशासी अभियंता एवं प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर भरतपुर राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम (आर.एस.आर.डी.सी.) एवं महेश चंद गुप्ता सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी हाल सलाहकार, मुख्य प्रबन्धक, राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम (आर.एस.आर.डी.सी.) को 1 लाख 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते देते गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. मुख्यालय को एक गोपनीय सूत्र सूचना मिली थी कि राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम (आर.एस.आर.डी.सी.) के विभिन्न जिलों में हुये / चल रहे निर्माण कार्यों के परियोजना निदेशकों तथा ठेकेदारों द्वारा मिलीभगत कर बजट आंवटन और बिल भुगतान करने के लिये मुख्य प्रबन्धक, राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम (आर.एस.आर.डी.सी.) के लिये रिश्वत के रूप में बड़ी धनराशि का लेनदेन किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जयपुर केउपमहानिरीक्षक पुलिस डॉ. रवि के सुपरवीजन में एसीबी की तकनीकी शाखा द्वारा विकसित सूत्र-सूचना पर जयपुर नगर-तृतीय इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु के नेतृत्व में आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए सियाराम चन्द्रावत अधिशासी अभियंता एवं प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर, लक्ष्मण सिंह अधिशासी अभियंता एवं प्रोजेक्ट डॉयरेक्टर राजस्थान राज्य सड़क विकासनिगम(आर.एस. आर.डी.सी.) एवं महेश चंद गुप्ता सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी हाल सलाहकार, मुख्य प्रबन्धक, राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम (आर.एस.आर.डी.सी.) को 1 लाख 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते देते गिरफ्तार किया गया है। मौके पर कार्यवाही के दौरान तलाशी में आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 11 हजार रुपये संदिग्ध राशि भी बरामद की गई है। आरोपी महेश चंद गुप्ता सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी के निवास की तलाशी ली गई, जिसमें अब तक करीब 92 लाख रुपये से अधिक की नगदी एवं नोट गिनने की मशीन बरामद की जा चुकी है। इसी प्रकार आरोपी सियाराम चन्द्रावत के घर की तलाशी में करीब 32 लाख रुपये नगद बरामद हो चुके हैं। संदिग्ध आरोपी सुधीर माथुर मुख्य प्रबन्धक, राजस्थान राज्य सड़क विकासनिगम(आर.एस.आर.डी.सी.) एवं अन्य अधिकारियों के निवास एवं अन्य ठिकानों पर भी तलाशी जारी है।



महेश गुप्ता | लक्ष्मण सिंह | सियाराम चंद्रावत





### एसीबी के रडार पर थे आरएसआरडीसी और उससे संबंधित विभाग के अधिकारी

» भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कई टीमों ने प्रदेशभर में आरएसआरडीसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और उससे संबंधित विभाग के अधिकारीयों को रडार पर ले रखा था। दो माह से गोपनीय रूप से टीम इनका पीछा कर रही थी। फोन भी सर्विलांस पर ले रखे थे।

### लाखों की जगह हज़ारों में टोल नाकों के टेंडर

राजस्थान में कई जगह संचालित टोल नाके लाखों रुपया टेंडर में छूटने चाहिए लेकिन आरएसआरडीसी अधिकारी हज़ारों रुपये में ही टेंडर दे रहे थे टोल नाकों के नाम पर बड़ा घोटाला सामने आया है ,सीकर निवासी ताराचंद सैनी आरएसआरडीसी में ठेकेदारी करता है उसने एसीबी टीम के सामने कई राज खोले हैं !

### हर प्रोजेक्ट पर फिक्स रक़म लेता था महेश गुप्ता

» आरएसआरडीसी में भ्रष्टाचार में लिप्त महेश गुप्ता की गिरफ़्तारी के बाद सामने आया कि वह सालों से यह काम कर रहा था ख़ास बात यह है कि मूल विभाग डिपार्टमेंट ऑफ़ ट्रेज़री एंड अकाउंट से आरएसआरडीसी में लंबे समय से प्रतिनियुक्ति पर लगा था सेवानिवृति होने के बाद भी एमडी सुधीर माथुर ने इसे सलाहकार के पद पर नियुक्त कर रखा था भ्रष्टाचारियों अधिकारियों की हर प्रॉजेक्ट में रिश्वत की राशि फिक्स कर रखी थी प्रोजेक्ट में राशि बढ़वाने के 10 परसेंट अलग से लेता था !

### चीफ़ प्रोजेक्ट मैनेजर सेकंड आर के लूथरा फ़रार

» चीफ़ प्रोजेक्ट मैनेजर सेकंड आर के लूथरा की भूमिका भी संदिग्ध होने पर एसीबी ने इसके ऑफ़िसि की तलाशी ली तो इसके बैग में 52 हज़ार रुपया नगद मिले ,इसका मोबाईल भी इसका बंद आ रहा है ,शयाम नगर स्थित घर में एसीबी की सर्च जारी है !

### ● AAO महेश गुप्ता संविदा पर कंसलटेंट अफसर लगाया हुआ था

» एसीबी ने बताया– RSRDC ऑफिस में रिटायर्ड अअड महेश गुप्ता संविदा पर कंसलटेंट अफसर लगा हुआ था। रोड प्रोजेक्ट के बिल पास करने और बजट आवंटन को लेकर प्रोजेक्ट डायरेक्टर से रिश्वत की मांग की गई थी। एसीबी ने आरोपियों के फोन को सर्विलांस पर रखा हुआ था। इसके बाद सोमवार दोपहर झालाना स्थित RSRDC ऑफिस में कार्रवाई की।

### ● एसीबी ने तीनों को कानूनी शिकंजें में जकड़ा

» धौलपुर से प्रोजेक्ट डायरेक्टर सियाराम और भरतपुर से लक्ष्मण रिश्वत के 1.20 लाख रुपए लेकर AAO महेश गुप्ता को देने आए थे। एसीबी टीम ने रिवर्स ट्रैप की कार्रवाई कर तीनों रिश्वतखोर अधिकारियों को पकड़ लिया।

### ● MD के नाम ली जा रही थी रिश्वत राशि

» एसीबी ने बताया– महेश गुप्ता के घर पर भी सर्च किया जा रहा है। सर्च ऑपरेशन में महेश गुप्ता के घर से 92 लाख रुपए कैश बरामद हुआ है। नोट गिनने की एक मशीन भी मिली है। आरोपी रिटायर्ड AAO महेश गुप्ता ने रिश्वत की यह रकम RSRDC के एमडी के नाम पर ली थी। MD की भूमिका को लेकर भी ACB टीम जांच कर रही है। उनके घर की तलाश के लिए भी एसीबी की एक टीम सर्च में जुटी है।

### ● ज्वेलरी और प्रॉपर्टी कई महत्वपूर्ण कागज मिले

» महेश गुप्ता के घर की तलाशी में ज्वेलरी और प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट भी मिले हैं। एसीबी ने घर से मिली नोट गिनने की मशीन से 92 लाख रुपए की गिनती की। एसीबी टीम ने भरतपुर और धौलपुर स्थित फ्रफ्छ ऑफिस पर भी कार्रवाई कर कई फाइलें जब्त की है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने यह सिद्ध किया है कि राजनीति भी एक साधना है

भारतीय राजनीति में आजादी के बाद सर्वाधिक समय प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू रहे। वे लगभग साढ़े 17 साल तक भारत के प्रधानमंत्री रहे। उसके बाद इंदिरा गांधी जो नेहरू की बेटी रहीं, वे भी पंद्रह साल और तीन सौ पचास दिन प्रधानमंत्री रहीं। भारतीय जनसंघ की स्थापना से भाजपा के अब तक के इतिहास में प्रधानमंत्री के पद पर पहले तेरह दिन, दूसरी बार तेरह महीने और तीसरी बार साढ़े चार वर्ष के करीब स्व. अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री रहे। अपने जीवन में जब वे कानपुर में स्नातकोत्तर और लॉ की पढ़ाई करने गए, तो उसके बाद वे संडीला जो उत्तरप्रदेश में एक स्थान है, वहां कुछ समय के लिए प्रचारक के रूप में रहे। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि अटल जी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक एवं कुछ समय प्रचारक रहे, ऐसे राजनेता भारत के प्रधानमंत्री बने। उनके कार्यकाल में बात इतनी सी रही कि वे पूर्ण बहुमत वाली भाजपा के प्रधानमंत्री नहीं रहे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति में 25 वर्ष बाद ऐसे प्रधानमंत्री बने जो अपनी पार्टी भाजपा के पूर्ण बहुमत के आधार पर पहले प्रधानमंत्री बने। साथ ही, उन्हें एनडीए का समर्थन था।

अब 4 जून 2024 को आम चुनाव 2024 का परिणाम आएगा। 18वीं लोकसभा का गठन होगा। अब तक आए सभी चैनलों के चुनाव पूर्व अनुमान यह साफ संकेत दे रहे हैं कि भाजपा पूर्ण बहुमत से पुनः तीसरी बार सरकार बना रही है और श्री नरेन्द्र भाई मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे। अगर गणित लगायेंगे तो वे जनसंघ से भाजपा में रहे प्रधानमंत्री अटल जी के कार्यकाल से तो काफी आगे सन 2014 और 2019 के साथ-साथ अब सन 2024 में भी रहेंगे। अटल जी और नरेंद्र भाई मोदी में जो समानता है कि अटल जी भी संघ के स्वयं सेवक और कुछ समय तक प्रचारक रहे। वहीं नरेंद्र भाई मोदी तो वर्षों तक संघ के प्रचारक रहे और प्रचारक के नाते भाजपा के संगठन महामंत्री भी रहे।

नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री काल को जोड़ लिया जाए तो भारतीय राजनीति में 13 वर्ष मुख्यमंत्री और दस वर्ष तक प्रधानमंत्री रहने वाले भारत के पहले राजनीतिज्ञ मोदी ही हैं। जैसा कि गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी कह रहे हैं, कि सन 2029 में भी नरेंद्र भाई मोदी ही प्रधानमंत्री रहेंगे, तो यहां यह कहने में कोई संकोच नहीं कि वे भारतीय राजनीति के पहले ऐसे प्रधानमंत्री बन जायेंगे, जो भारत में प्रधानमंत्री पद पर रहने के सारे रिकार्ड तोड़ देंगे। जैसे क्रिकेट की दुनिया में सचिन तेंदुलकर ने इतना बड़ा रिकार्ड बना दिया कि अभी तक विश्व में उसे कोई तोड़ नहीं पाया। ऐसे ही विश्व के लोकतांत्रिक देश के इतिहास में 4 जून 2024 को तो इतिहास रच ही जाएगा। साथ ही सन 2029 में भाजपा और विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय ही नहीं मान्यता और स्वीकार्यता प्राप्त व्यक्तित्व नरेंद्र भाई मोदी हो जाएंगे। लगातार तीसरी बार बहुमत से अधिक संख्या और हर बार संख्या में बढ़ोत्तरी कर न केवल भाजपा की साख बढ़ी है, बल्कि श्री नरेंद्र भाई मोदी ने यह सिद्ध किया है कि राजनीति भी एक साधना है, तपस्या है और यदि उन्होंने तपस्वी बनकर प्रधानसेवक की भूमिका निभाते हुए कहा कि ᳚मेरे लिए सिर्फ ऋअठ (ज्ञान) अर्थात 'जी' से गरीब 'वाई' से यूथ 'ए' से अन्नदाता और 'एन' से नारी शक्ति ही सब कुछ है। न मैं जाति में विश्वास करता हूं और इन चारों के विकास के लिए और विश्व में भारत को विकसित भारत बनाने के लिए अपना जीवन का एक-एक पल लगा रहा हूं।

# जीत के नये मानक गढ़ती भाजपा और निस्तेज होता विपक्ष



ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का मतदान संपन्न होने के बाद आए कई एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एडीए) को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता संभालते हुए पूर्व के सारे रिकार्ड को ध्वस्त कर देंगे। मोदी ने लोकसभा चुनाव में अपने प्रभावी एवं चमत्कारी प्रदर्शन से जनता का दिल जीता है और उनके देश-विकास के कार्यक्रमों पर जनता ने मोहर लगाई है। विपक्ष के लिये जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि मुस्लिम तुष्टीकरण, मुफ्त की रेवडियां बांटने, संविधान बचाने के भ्रामक ड्रामा एवं देश तोड़ने की सोच से ऊपर उठकर विपक्ष की भूमिका का सार्थक करें। कोई भी एग्जिट पोल चुनाव परिणाम तो नहीं होता, लेकिन बातों ही बातों में चुनाव परिणामों की ओर इशारे कर जाता है, जो अक्सर समय की कसौटी पर सही साबित होते आये हैं, वास्तविक नतीजे मंगलवार 4 जून को देर शाम तक प्राप्त हो पाएंगे। जिसमें भाजपा एक बार फिर सारे मिथक तोड़ते हुए दिखाई दे रही है। भाजपा की सफलता को इसलिए भी बड़ा माना जा रहा है क्योंकि उसने सारे विपक्षी दलों के गठबंधन एवं शक्ति को मात दी। भाजपा न केवल अपनी सरकार बचाते हुए दिख रही है बल्कि भारत को एक नये युग में ले जाने के लिये प्रतिबद्ध दिख रही है। निश्चित ही सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने के लिये भाजपा एक लहर बन चुकी है और इस लहर ने पूरे मुल्क के स्वाभिमान को एक नई ऊंचाई दी है। अब भारत का मतदाता परिपक्व हो चुका है, उसे जाति, धर्म, सम्प्रदाय के नाम पर गुमराह नहीं किया जा सकता। लोकतंत्र जिस रूप में सशक्त हो रहा है, उसी के अनुरूप राजनीतिक चरित्र को गढ़ना होगा, उसके प्रति भी राजनीतिक दलों को एहसास कराना होगा, जहां से राष्ट्रहित, ईमानदारी और नए मनुष्य की रचना, सशक्त अर्थव्यवस्था एवं विकास की तीव्र रफ्तार, खबरदार भरी गुहार सुनाई दे। कोई भी दल हो, अगर ये एहसास नहीं जागता है तो मतदाता दिखा देता है उनको शीशा, वही छीन लेता है उनके हाथ से दियासलाई और वही उतार देता है सत्ता का मद। कहने का मतलब सिर्फ इतना सा है कि देश की सियासी फिजां को बदलने में विपक्षी दलों को अधिक ईमानदार, जिम्मेदार एवं पारदर्शी होना होगा। विपक्ष दल अपनी जिम्मेदारियां से भागते हुए देश से ज्यादा दल को महत्व देने का परिणाम इन चुनाव में देख लिया है। भाजपा की तुलना में अन्य दलों पर दाग ज्यादा और लम्बे समय तक रहे हैं। इन दलों को न केवल अपने बेदाग होने के पुख्ता प्रमाण देना होगा, बल्कि जनता के दर्द-परेशानियों को कम करने का रोड मेप तैयार करते हुए अपना विपक्षी होने के धर्म को निभाना होगा, तभी वे आदर्श विपक्ष के हकदार बन सकेगे।

हमने इन चुनावों में देखा है कि केवल झूठे आश्वासनों से मतदाता को गुमराह करने के दिन अब लद



गये है। सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि विभिन्न विपक्षी दल अपने को, समय को, अपने भारत को, अपने पैरों के नीचे की जमीन को पहचानने वाला साबित नहीं कर पाये हैं। जिन्दा कौमें पांच वर्ष तक इन्तजार नहीं करतीं, उसने चौदह गुना इंतजार कर लिया है। यह विरोधाभास नहीं, दुर्भाग्य है, या सहिष्णुता कहें? जिसकी भी एक सीमा होती है, जो पानी की तरह गर्म होती-होती 50 डिग्री सेल्सियस पर भाप की शक्ति बन जाती है। देश को बांटने एवं तोड़ने वाले मुद्दे कब तक भाप बनते रहेगे? भाजपा को चुनौती देनी है तो विपक्षी दलों को अपना चरित्र एवं साख दोनों को नये रूप में एवं सशक्त रूप में प्रस्तुति देनी होगी। अन्यथा इन लोकसभा चुनावों की तरह आगे के जितने भी चुनाव होंगे उनके चुनाव परिणाम इसी तरह निराश करते रहेंगे।

इससे विचित्र और हास्यास्पद और कुछ नहीं कि कांग्रेस समेत अन्य इंडिया गठबंधन से जुड़े दल एक ओर जोर-शोर से यह दावा करने में लगे हैं कि उनके गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 295 सीटें मिल रही हैं, सपा नेता अखिलेश उत्तरप्रदेश में 80 में 79 सीटों पर जीत का दावा किया, जब एग्जिट पोल ने उनके इन दावों की पोल खोल दी, आज घोषित हो रहे चुनाव परिणामों में भाजपा जब ऐतिहासिक जीत की ओर बढ़ रही है तो विपक्षी दलों के नेता मतगणना में गड़बड़ी की निराधार आशंकाएं जताकर भ्रम फैलाने में लगे हैं। भ्रम फैलाने की इसी कोशिश के तहत कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने यह अनर्गल दावा किया कि मतगणना को प्रभावित करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने देश के 150 जिलों के जिलाधिकारियों को फोन किया है। उन्होंने यह बेतुका आरोप लगाते हुए यह समझा होगा कि इससे उन्हें एक फर्जी नैरेटिव खड़ा करने में मदद मिलेगी और उनकी हार पर पर्दा पड़ जायेगा। यह विडम्बना एवं विसंगति विपक्षी दलों को मजबूत करने की बजाय लगातार कमजोर ही कर रही है। वैसे भी भारत में जितने भी राजनैतिक दल हैं, सभी ऊंचे मूल्यों को स्थापित करने की, आदर्श की बातों के साथ आते हैं पर सत्ता प्राप्ति की होड़ में सभी एक ही संस्कृति को अपना लेते हैं। मूल्यों की जगह कीमत की और मुद्दों की जगह मतों की राजनीति करने लगते हैं। चुनावों की प्रक्रिया को ही नहीं, चुनाव मतगणना की प्रक्रिया को भी विपक्षी राजनैतिक दलों ने अपने स्तर पर भी कीचड़ भरा कर दिया है। ऐसा स्वकल्याण की सोचने वाला विपक्ष किस तरह लोक कल्याण के मुद्दों को बल देगा? बिना विचारों के दर्शन और शब्दों का जाल बुने यही कहना है कि लोकतंत्र के इस सुन्दर नाजुक वृक्ष को नैतिकता के पानी और अनुशासन की ऑक्सीजन चाहिए। जीत किसी भी दल को मिले, लेकिन लोकतंत्र को शुद्ध सांसें मिलनी ही चाहिए।

कुल मिलाकर लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत से तो पार्टी के हौसले स्वाभाविक रूप से बढ़े। इसके अलावा मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस कमजोर होती दिखी, कमजोर ही क्या उसका तो लगभग सफाया ही होता जा रहा है। कांग्रेस के निष्प्रभावी केन्द्रीय नेतृत्व के कारण कांग्रेस के कई कद्दावर नेता अलग हो गए। उससे भी भाजपा की स्थिति मजबूत हुई है। इस बार कांग्रेस पार्टी सबसे बड़ी कमजोर पार्टी बनकर उभरी है। उसकी कमजोरी न केवल राजनीतिक स्तर पर बल्कि मानसिक स्तर पर स्पष्ट दिख रही है। कांग्रेसी एवं विपक्षी नेताओं की हरकतों से यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वे अपनी संभावित हार का ठीकरा चुनाव आयोग, मीडिया आदि पर फोड़ने की पूरी तैयारी कर चुके हैं। यही कारण है कि उन्होंने एक्जिट पोल के नतीजों को न केवल अस्वीकार कर दिया, बल्कि उन्हें भाजपा प्रायोजित भी करार दिया। एक्जिट पोल को लेकर कांग्रेस इतनी दुविधाग्रस्त थी कि पहले उसने टीवी चैनलों पर होने वाली चर्चा का बहिष्कार करने का फैसला किया और फिर फजीहत होती देखकर उसमें शामिल होने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि वह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि लोगों ने राजग सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। क्योंकि लोगों ने हमारी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखा है। हमारी सरकार के कार्यकाल में गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक सुधार आया है। लोगों ने यह भी देखा है कि किस प्रकार भारत में सुधारों ने देश को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बना दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए यहां तक कह दिया कि अवसरवादी इंडिया गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने के बजाय घायल ही किया। मोदी सरकार के तौर-तरीकों पर आम जनता का विश्वास ही इस ऐतिहासिक जीत का कारण बना है। विपक्ष की नकारात्मक राजनीति, महंगाई, बेरोजगारी, आरक्षण, अर्थव्यवस्था, संविधान जैसे तमाम मुद्दे थे जिस पर जनता ने मोदी सरकार की नीतियों एवं साफ-सुथरी छवि पर मुहर लगायी है। कानून व्यवस्था, राजनीतिक अपराधियों पर अंकुश और केंद्र की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जनता को साफ संदेश मिला कि भारत में विकास, सुशासन, सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण जीवन के लिये मोदी ही सबसे उपयुक्त है। ऐसे में ताजा नतीजे भाजपा की रणनीति एवं सिद्धान्तों पर खरे उतरें। चुनाव परिणामों का संबंध चुनावों के पीछे अदृश्य ''लोकजीवन'' से, उनकी समस्याओं से होता है। संस्कृति, परम्पराएं, विरासत, विकास, व्यक्ति, विचार, लोकाचरण से लोक जीवन बनता है और लोकजीवन अपनी स्वतंत्र अभिव्यक्ति से ही लोकतंत्र स्थापित करता है, जहां लोक का शासन, लोक द्वारा, लोक के लिए शुद्ध तंत्र का स्वरूप बनता है। जब-जब चुनावों में लोक को नजरअंदाज किया गया, चुनाव परिणाम उलट होते देखे गये हैं। लोकसभा के इन चुनाव परिणामों से विभिन्न विपक्षी राजनीतिक दलों को सबक लेने की अपेक्षा है।

# पद्मश्री मालती जोशी भारतीय परिवारों की आत्मीय कथाकार



प्रो.संजय द्विवेदी

ख्यातिनाम कथाकार, उपन्यासकार श्रीमती मालती जोशी के निधन की सूचना ने साहित्य जगत में जो शून्य रचा है, उसकी भरपाई संभव नहीं है।गत 15 मई, 2024 को उन्होंने अपनी नश्वर देह त्याग दी। अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीय परिवारों के रिश्तों, संवेदनाओं, परंपराओं, मूल्यों की कथा कहने वाली मालती जोशी अपने तरह की विलक्षण कथाकार हैं। उनकी परंपरा में हिंदी साहित्य में कथाकार शिवानी के अलावा दूसरा नाम भी नहीं मिलता। पद्मश्री से अलंकृत मालती जोशी को पढ़ना विरल सुख देता रहा है। सरलता, सहजता से कथा बुनती ताई अपने कथारस में बहा ले जाती थीं और रोप जाती थीं संस्कारों और मूल्यों की वह थाती जो कहीं बिसराई जा रही है। नारेबाजियों से अलग ताकतवर स्त्रियों पात्रों के माध्यम से पारिवारिक मूल्यों की स्थापना उनके जीवन का ध्येय रहा है। लीक तोड़कर लिखने और अपार लोकप्रियता अर्जित करने के बाद भी मालती जोशी हिंदी साहित्य आलोचना में हाशिए पर हैं। इसका कारण बहुत स्पष्ट है। उनकी रचनाएं भारतीय विचार और भारतीय परिवार के मूल्यों को केंद्र में रखती हैं। वे साहित्य सर्जना में चल रही खेमेबाजी, गुटबाजी से अलग अपनी राह चलती रही हैं। साहित्य क्षेत्र में चल रहे वाम विचारी संगठनों और उनकी अतिवादी राजनीति से उन्होंने अपनी दूरी बनाए रखी। इसके चलते उनके विपुल लेखन और अवदान पर साहित्य के मठाधीशों की नजर नहीं जाती। अपने रचे मानकों और तंग दायरों की आलोचना द्वारा मालती जी की उपेक्षा साधारण नहीं है। यह भारतीय मन और विचार के प्रति मालती जी प्रतिबद्धता के कारण ही है। अपनी लेखन शैली से उन्होंने भारतीय जनमन को प्रभावित किया है,यही उनकी उपलब्धि है। क्या हुआ जो आलोचना के मठाधीशों द्वारा वे अलक्षित की गयीं। सही मायनों में रचना और उसका ठहराव ही किसी लेखक का सबसे बड़ा सम्मान है। परंपरा, भारतीय परिवार, संवेदना और मानवीय मूल्यों की कथाएं कहती हुई मालती जोशी अपने समय के कथाकारों बहुत आगे नजर आती हैं। उनकी अपार लोकप्रियता यह प्रमाण है कि सादगी से बड़ी बात कही जा सकती है। इसके लिए मायावी दुनिया रचने और बहुत वाचाल होने की जरूरत नहीं है। अपनी जमीन की सोंधी मिट्टी से उन्होंने कथा का जो परिवेश रचा वह लंबे समय तक याद किया जाएगा।

### अप्रतिम लोकप्रियता

हिंदी वर्तमान परिदृश्य पर बहुत कम कथाकार हैं, जिन्हें पाठकों की ऐसी स्वीकार्यता मिली हो। औरंगाबाद (महाराष्ट्र) के मराठी परिवार 4 जून 1934 को जन्मीं मालती जोशी के न्यायाधीश पिता मध्यप्रदेश में कार्यरत थे, इससे उन्हें इस प्रांत के कई जिलों में रहने और लोकजीवन के करीब से देखने का अवसर मिला। 1956 में उन्होंने इंदौर के होलकर कालेज से हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। किशारावस्था में ही लेखन का शुरूआत कर मालती जी जीवन के अंतिम समय तक लेखन को समर्पित रहीं। उनका प्रारंभिक लेखन तो गीत के माध्यम से हुआ, बाद में वे बाल साहित्य भी लिखती रहीं फिर कहानी विधा को समर्पित हो गईं। उनके कथा लेखन को राष्ट्रीय पहचान 'धर्मयुग' पत्रिका से मिली और भारतीय परिवारों की चर्चित लेखिका बन गयीं। 'धर्मयुग' में आपकी पहली कहानी 'टूटने से जुड़ने तक' 1971 में छपी और तब से उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। देश की चर्चित पत्रिकाओं कादम्बिनी,साप्ताहिक हिंदुस्तान, नवनीत, सारिका, मनोरमा के माध्यम से वे पाठकों की बड़ी दुनिया में अपनी जगह बना चुकी थीं। 60 से अधिक कृतियों की रचना कर मालती जी ने भारतीय साहित्य को समृध्द किया है। उनकी सतत रचनाशीलता ने उन्हें भारतीय साहित्य का अनिवार्य नाम बना दिया है।

### परिवार और संवेदना के ताने बाने

मालती जोशी मूलतः रिश्तों की कथाकार हैं। निजी जीवन में भी उनकी सरलता, सहजता और विनम्रता की यादें सबकी स्मृति में हैं। पारिवारिक, सामाजिक, घरेलू दायित्वों को निभाती हुई एक सरल स्त्री किंतु ताकतवर स्त्री उनकी निजी पहचान है। जिसने साहित्य सृजन के लिए कोई अतिरिक्त मांग नहीं की। किंतु जो किया वह विलक्षण है। परिवार और बच्चों के दायित्वों को देखते हुए अपने लेखन के लिए समय निकालना, उनकी जिजीविषा थी। आखिरी सांस तक वे परिवार की डोर को थामें लिखती रहीं। लिखना उनका पहला प्यारथ था । इंदौर, भोपाल, दिल्ली, मुंबई उनके ठिकाने जरूर रहे किंतु वे रिश्तों,संवेदनाओं और भारतीय परिवारों की संस्कारशाला की कथाएं कहती रहीं। 90 साल की उनकी जिंदगी में बहुत गहरे सामाजिक सरोकार हैं। उनके पति श्री सोमनाथ जोशी , अभियंता और समाजसेवी के रूप में भोपाल के समाज जीवन में ख्यात रहे। सन् 1981 से वे ज्यादातर समय भोपाल में रहकर निरंतर पारिवारिक दायित्वों और लेखन,सृजन में समर्पित रहीं। 2001 में पति के निधन के बाद उन्होंने खुद को और परिवार को संभाला। उनके सुपुत्र डा.सच्चिदानंद जोशी संप्रति अपनी मां की विरासत का विस्तार कर रहे हैं। वे न सिर्फ एक अच्छे कथाकार और कवि हैं, बल्कि उन्होंने संस्कृति और रंगमंच के कलाक्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उनकी पुत्रवधू श्रीमती मालविका जोशी भी कथाकार और रंगमंच की सिद्ध कलाकार हैं। मध्यवर्गीय भारतीय परिवार उनकी कथाओं में प्रायः दिखते हैं। संस्कारों से रसपगी भारतीय स्त्री के सौंदर्य,साहस और संवेदना की कथाएं कहती हुए मालती जोशी बड़ी लकीर खींचती हैं। वर्गसंघर्ष की एक जैसी और एकरस कथाएं कहते कथाकारों के बीच मालती जोशी भारतीय परिवारों और उनके सुंदर मन की आत्मीय कथाएं लेकर आती हैं। अपनी सहज,सरल भाषा से वे पाठकों के मनों और दिलों में जगह बनाती हैं। उनको पढ़ने का सुख अलग है। उनकी कहानियां बेहद साधारण परिवेश से निकली असाधारण नायकों की कहानियां हैं। जो जूझते हैं, जिंदगी जीते हैं किंतु कड़वाहटें नहीं धोलते। बहुत सरल, आत्मीय और हम-आपके जैसे पात्र हमारे आसपास से ही लिए गए हैं। कथा में जीवन की सरलता-सहजता की वे वाहक हैं। मालती जी के पात्र बगावत नहीं करते, झंडे नहीं उठाते, नारे नहीं लगाते। वे जिंदगी से जूझते हैं, संवेदना के धागों से



जुड़कर आत्मीय,सरल परिवेश रचते हैं। मालती जी की कथाओं यही ताकतवर स्त्रियां हैं, जो परिवार और समाज के लिए आदर्श हो सकती हैं। जो सिर्फ जी नहीं रहीं हैं, बल्कि भारतीय परिवारों की धुरी हैं।

### स्त्री के मन में झांकती कहानियां

मालती जोशी ने अपनी कहानियों में स्त्री के मन की थाह ली है। वे मध्यवर्गीय परिवारों की कथा कहते हुए स्त्री के मन, उसके आत्मसंघर्ष, उसकी जिजीविषा और उसकी शक्ति सबसे परिचित कराती हैं। संवेदना के ताने-बाने में रची उनकी रचनाएं पाठकों के दिलों में उतरती चली जाती हैं। पाठक पात्रों से जुड़ जाता है। उनके रचे कथारस में बह जाता है। अनेक भारतीय भाषाओं में उनकी कृतियों के अनुवाद इसलिए हुए क्योंकि वे दरअसल भारतीय परिवारों की कथाएं कह रही थीं। उनके परिवार और उनकी महिलाएं भारत के मन और संस्कारों की भी बानगी पेश करती हैं। भारतीय परिवार व्यवस्था वैसे भी दुनिया के लिए चिंतन और अनुकरण का विषय है। जिसमें स्त्री की भूमिका को वे बार-बार पारिभाषित करती हैं। उसके आत्मीय चित्रण ने मालती जोशी को लोकप्रियता प्रदान की है। उनकी कहानियां आम आदमी, आम परिवारों की असाधारण कहानियां हैं। औरत का एक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विषय दोनों है। इस अर्थ में मालती जी विलक्षण मनोवैज्ञानिक कथाकार भी हैं। उनके पात्र समाज के सामने समाधानों के साथ आते हैं। सिर्फ संकट नहीं फैलाते। उनकी भाषा में जहां प्रसाद और माधुर्य के गुण हैं वहीं वे आवेग और आवेश की धारा से जुड़ जाती हैं। संकेतों में वे जो भाव व्यक्त कर देती हैं वह सामान्य लेखकों के लिए विस्तार की मांग करता है।

### मालवा की मीरा और कथाकथन की शैली

मालती जोशी के प्रमुख कहानी संग्रहों में पाषाण युग, मध्यांतर, समर्पण का सुख, मन न हुए दस बीस, मालती जोशी की कहानियां, एक घर हो सपनों का, विश्वास गाथा, आखिरी शर्त, मोरी रंग दी चुनरिया, अंतिम संक्षेप, एक सार्थक दिन, शापित शैशव, महकते रिश्ते, पिया पीर न जानी, बाबुल का घर, औरत एक रात है, मिलियन डालर नोट आदि शामिल हैं। मालती जोशी ने केवल कविताएं या कहानियां ही नहीं बल्कि उपन्यास और आत्म संस्मरण भी लिखे हैं। उपन्यासों में पटाक्षेप, सहचारिणी, शोभा यात्रा, राग विराग आदि प्रमुख हैं। वहीं उन्होंने एक गीत संग्रह भी लिखा, जिसका नाम है, 'मेरा छोटा सा अपनापन'। उन्होंने 'इस प्यार को क्या नाम दूं? नाम से एक संस्मरणात्मक आत्मकथ्य भी लिखा। उनकी एक और खूबी रही कि उन्होंने कभी भी अपनी कहानियों का पाठ कागज देखकर नहीं किया, क्योंकि उन्हें अपनी कहानियां, कविताएं जबानी याद रहतीं थीं। मराठी में 'कथाकथन' की परंपरा को वे हिंदी में लेकर आईं। उनके कथापाठ में उपस्थित रहकर लोग कथा को सुनने का आनंद लेते थे। इन पंक्तियों के लेखक को भी उनके कथाकथन की शैली के जीवंत दर्शन हुए थे। बिना एक कागज हाथ में लिए वे जिस तरह से कथाएं सुनातीं थी वह विलक्षण था। दूरदर्शन उनकी सात पर कहानियों पर श्रीमती जया बच्चन ने 'सात फेरे' बनाया। इसके अलावा गुलजार निर्मित 'किरदार' में भी उनकी दो कहानियां थीं। आकाशवाणी पर उनकी अनेक कहानियों के प्रसारण हुए। जिसने कथाकथन की उनकी शैली को व्यापक लोकप्रियता दिलाई। इसके साथ ही मालती जोशी ने कई बालकथा संग्रह भी लिखे हैं, इनमें, दादी की घड़ी, जीने की राह, परीक्षा और पुरस्कार, स्नेह के स्वर, सच्चा सिंगार आदि शामिल हैं। उनके निधन पर मध्यप्रदेश के अखबारों ने उन्हें 'मालवा की मीरा' कहकर प्रकाशित संबोधित किया। इसका कारण यह है कि लेखन के शुरुआती दौर में मालती जोशी कविताएं लिखा करती थीं। उनकी कविताओं से प्रभावित होकर उन्हें मालवा की मीरा नाम से भी संबोधित किया जाता था। उन्हें इंदौर से खास लगाव था। वे अक्सर कहा करती थीं कि इंदौर जाकर मुझे सुकून मिलता है, क्योंकि वहां मेरा बचपन बीता, लेखन की शुरुआत वहीं से हुई और रिश्तेदारों के साथ ही उनके सहपाठी भी वहीं हैं। यह शहर उनकी रग-रग में बसा था। खुद अपनी आत्म कथा में मालती जोशी ने उन दिनों को याद करते हुए लिखा है, 'मुझमें तब कविता के अंकुर फूटने लगे थे, कॉलेज के जमाने में इतने गीत लिखे कि लोगों ने मुझे 'मालव की मीरा' की उपाधि दे डाली।' कथाकथन के तहत उनकी अनेक कहानियां यूट्यूब पर उपलब्ध हैं। इसकी सीडी भी उपलब्ध है।

### देह के विमर्श में परिवार की कहानियां

मालती जोशी की कहानियां इस अर्थ में बहुत अलग हैं कि वे परिवार और सामाजिक मूल्यों की कहानियां हैं। उनके पात्र अपनी सीमाओं का अतिक्रमण नहीं करते और मूल्यों की स्थापना में सहयोगी हैं। वे परंपरा के भीतर रहकर भी सुधार का आग्रह करते हैं। मालती जी ने एक इंटरव्यू में स्वयं कहा था- ''हिंदी साहित्य में स्त्री देह का विमर्श और बोल्डनेस बढ़ गया है किंतु मैं पारिवारिक कहानियां कहती हूं।'' उन्होंने कहा था कि '' मेरी कहानियों में आपको कहीं बेडसीन नहीं मिलेगा। मैं जितना परहेज अपने बहू-बेटे के कमरे में जाने से करती हूं, उतना ही अपने पात्रों के बेडरूम में जाने से करती हूं।'' वे साफ कहती थीं कि नारीवाद के नाम पर हमेशा नारेबाजी के बजाए विनम्रता से भी स्त्रियों का पक्ष रखा जा सकता है। इन अर्थो में मालती जी कहानियों के पात्र अलग तरह से प्रस्तुत होते हैं। वे पितृसत्ता के साथ टकराते हैं, नये विचारों से भरे-पूरे हैं, किंतु नारे नहीं लगाते। वे बदलाव के नायक और साक्षी बनते हैं। अपने निजी जीवन में भी इसे मानती हैं। इसी इंटरव्यू में उन्होंने बताया है कि पारंपरिक मराठी परिवारों शादी के बाद बहू का नाम बदलने की परंपरा है। जब उनसे पति ने पूछा कि आपको क्या नाम पसंद है। तो उनका कहना था मेरे नाम में क्या बुराई है। वे बताती हैं कि मैंने न अपना नाम बदला न बहुओं का नाम बदलने दिया। वे मानती थीं कि नाम बदलने से स्त्री की पूरी पहचान बदल जाती है। उन्होंने एक अन्य इंटरव्यू में कहा है कि वे स्त्रियों की स्वतंत्रता की पक्षधर हैं किंतु स्वच्छंदता की नहीं।

उनकी रचना प्रक्रिया पर दीपा लाभ ने लिखा है- ''मालती जोशी की भाषा-शैली बेहद सरल, सुगम और सहज है। उनके सभी पात्र आम जीवन से प्रेरित हमारे-आपके बीच के किरदार हैं। अधिकतर कहानियाँ स्त्री-प्रधान हैं किन्तु न तो वे दबी-कुचली अबला नारी होती है और ना ही शहरी, ओवरस्मार्ट कामकाजी लडकियाँ - उनके सभी पात्र यथार्थ के धरातल से निकले वास्तविक-से प्रतीत होते हैं। उनकी कथाओं से सकारात्मकता का संचार होता है जो स्वतः ही दिल की गहराइयों में उतरता चला जाता है। पुरुष पात्रों को भी निरंकुश या अहंकारी नहीं बनाकर उन्होंने कई द×फे उनके सकारात्मक पक्षों को उजागर किया है। मध्यम-वर्गीय परिवारों की आम समस्याएँ, दैनिक जद्दोजहद और मन के भावों को बहुत संवेदनशील अंदाज़ में संवाद रूप में प्रस्तुत करना।''

### सर्जना का सम्मान

साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन का भवभूति अंलकरण,मध्यप्रदेश सरकार का साहित्य शिखर सम्मान, ओजस्विनी सम्मान, दुष्यन्त कुमार सम्मान, मैथिलीशरण गुप्त सम्मान, दिनकर संस्कृति सम्मान,माचवे सम्मान, महाराष्ट्र शासन द्वारा सम्मान, वनमाली सम्मान, मारीशस में विश्व हिन्दी सम्मेलन में पुरस्कृत होने के साथ साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिये भारत सरकार द्वारा 2018 में पद्मश्री सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। उनकी कथा संवेदना बहुत व्यापक है। इसीलिए वे पाठकों के बीच समादृत हैं। जयप्रकाश पाण्डेय लिखते है- ''मालती जोशी अपनी कहानियों से संवेदना का एक अलग संसार बुनती हैं, जिसमें हमारे आसपास के परिवार, उनका राग और परिवेश जीवंत हो उठते हैं। उनकी कहानियां संवाद शैली में हैं, जिनमें जीवन की मार्मिक संवेदना, दैनिक क्रियाकलाप और वातावरण इस सुघड़ता से चित्रित हुए हैं कि ये कहानियां मन के छोरों से होते हुए चलचलचित्र सी गुजरती हैं. इतनी कि पाठक कथानक में बह उनसे एकाकार हो जाता है।'' हिंदी साहित्य जगत पर अमिट छाप छोड़ने वाली मालती जोशी की मराठी में भी ग्यारह से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं. उनकी कहानियों का मराठी, उर्दू, बंगला, तमिल, तेलुगू, पंजाबी, मलयालम, कन्नड भाषा के साथ अँग्रेजी, रूसी तथा जापानी भाषाओं में अनुवाद भी हुआ है।

अब जबकि 90 साल की सक्रिय जिंदगी जीकर 15 मई,1924 को वे हमें छोड़कर जा चुकी हैं, उनकी स्मृतियां ही हमारा संबल हैं। हमारे जैसे न जाने कितने लोग इस बात का जिक्र करते रहेंगें कि उन्होंने मालती ताई को देखा था। एक लेखिका, एक मां, एक सामाजिक कार्यकर्ता और प्रेरक व्यक्तित्व की न जाने कितनी छवियों में वे हमारे साथ हैं और रहेंगीं। उनकी रचनाएं लंबे समय तक भारतीय परिवारों को उनकी शक्ति, जिजीविषा और आत्मीय परिवेश की याद दिलाती रहेंगीं। भावभीनी श्रद्धांजलि!!

## संक्षिप्त खबर

### पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध हथियारों के खिलाफ धर पकड़ अभियान



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** प्रमुख रिपोर्ट पुलिस थाना कंचनपुर जिला धौलपुर थाने का हिस्ट्रीशीटर एवं सरपंच प्रतिनिधि केशव व उसका साथी अतर सिंह अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार! वृताधिकारी वृत धौलपुर ग्रामीण सेपऊ धौलपुर आनंद राव आरपीएस के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी शैतान सिंह उ०नि० के नेतृत्व में कल दिनांक 02.06.2024 राजवीर सिह एएसआई द्वारा डीएसटी टीम की सूचना पर मुलजिम केशब पुत्र मोहनसिह जाति गुर्जर निवासी लालौनी शिबसिह थाना कंचनपुर से एक अवैध देसी कट्टा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर मिले व मुलजिम अतरसिह पुत्र उदयभान उम्र 23 साल जाति गुर्जर निवासी सिंघराबली थाना गढी बाजना जिला भरतपुर से 4 जिन्दा कारतूस 315 बोर के मिले जिन्हें कुरेंदा मोड से गिर० किया गया। जिस पर थाना हाजा पर मु0न0 216/24 धारा 3(1)/25 (1-ख) आयुध संशोधन अधिनियम 2019 में दर्ज कर अनुसंधान जारी है।कार्यवाही करने वाली टीम! शैतान सिह उ०नि० थानाधिकारी थाना कंचनपुर। राजवीर सिह एएसआई, सोनवीर सिह कानि0 335, रामनिवास कानि0 265, रुपेन्द्रसिंह कानि. 842 डीएसटी धौलपर, नरेश कानि. 412, राजकुमार कानि. 773, मौजूद रहे!

### मां शाकंभरी के दरबार में सहस्त्रचंडी महायज्ञ का आयोजन अगले महीने



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल शाकंभरी सकराय धाम में कुलदेवी मां शाकंभरी के आशीर्वाद और प्रेरणा से आषाढ़ सुदी गुप्त नवरात्र के पावन अवसर पर मां शाकंभरी सेवा समिति, सकरायधाम (रजी) के तत्वाधान में निकटवर्ती धार्मिक स्थल सकरायधाम की पावन धरा पर मां शाकंभरी हवनात्मक सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन 6 जुलाई से 15 जुलाई 2024 तक समिति के तत्वावधान में किया जाएगा। सहस्त्र चंडी महायज्ञ का आयोजन देश में शांति, सभी भक्तो की मनोकामनाओ को पूर्ण करने हेतु किया जा रहा है,यह महायज्ञ भाग्य उदय करने वाला है जिसकी लालिमा में सर्व विकार नष्ट होकर जीवन कांतिमय एवं ओजपूर्ण बनता है इस महायज्ञ के लिए समिति के द्वारा सभी तैयारीया शुरू कर दी गई है। समिति के सदस्य संदीप रामुका ने बताया कि आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की जा रही है तथा सभी भक्तों से संपर्क शुरू कर दिया गया है।

### टैगोर फाउंडेशन की छात्रा रौनक सैनी का हुआ जोरदार स्वागत



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी ( सुमेर सिंह राव)।** कस्बे में चुंगी नंबर तीन पर स्थित टैगोर फाउंडेशन स्कूल की छात्रा रौनक सैनी पुत्री अशोक कुमार सैनी के दसवीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्लस अंक प्राप्त होने पर महिलाओं ने डीजे की धुन पर नाचते गाते छात्रा का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया ' विद्यालय परिवार की ओर से छात्रा रौनक सैनी का चुनरी का साफा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया ' इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर शैतान सिंह टांक ने कहा कि छात्र रौनक सैनी बचपन से ही बड़ी होनहार बालिका होने के साथ-साथ पढ़ाई में भी अव्वल स्थान प्राप्त करती रही है जिससे आज परिवार एवं विद्यालय में जश्न का माहौल है ' हमारे उदयपुरवाटी संवाददाता ने छात्र रौनक सैनी से पूछा कि आगे जाकर वह क्या बनना चाहती है तो उन्होंने कहा कि वह आगे जाकर वह आईएएस या आईपीएस बनकर प्रदेश परिवार एवं गांव का नाम रोशन करना चाहती है ' छात्र के 90 प्लस अंक प्राप्त होने पर महिलाओं ने डीजे की धुन पर नाच कर जश्न मनाया और छात्रा का मुंह मीठा करवाया ' इस दौरान टैगोर फाउंडेशन स्कूल के डायरेक्टर शैतान सिंह टांक, एचडी सुनील कुमार सैनी उर्फ़ सोनू सर, विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका पायल सैनी, सुश्री चंचल वर्मा, सुश्री नेहा सैनी, महेंद्र कुमार स्वामी, सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### 10वीं में श्रेष्ठ परिक्षा परिणाम लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**चमकता राजस्थान, धौलपुर ( रामदास तरुण)।** बाड़ी-आज दिनांक 03.06.2024 को श्री नागा बाबा पंचमगिरि उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर धौलपुर रोड बाड़ी में दशमीं बोर्ड परीक्षा 2024 एवं अष्टमी व पंचमी बार्ड परीक्षा में अ ग्रेड प्राप्त करने वाले भैया/बहिनों का सम्मान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामअवतार शर्मा ने बताया कि सत्र 2024 में 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया रोनित बंसल पुत्र मदनमोहन बंसल ने 97.17%, द्वितीय स्थान पर अभिषेक पुत्र रामरुप ने 96.17% प्रतिशत अंक प्राप्त किये गये। 90% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 6 भैया/बहिनों का सम्मान किया। इस अवसर पर 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी भैया बहिनों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक शिवशंकर बिंदल ने कहा कि संस्कारों के साथ-साथ नियमित स्वाध्याय से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जाती है। सम्मान समारोह के अवसर पर भगवानदास बंसल संरक्षक विद्या भारती संस्थान धौलपुर, कल्याण प्रसाद शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य, संध्या शर्मा जिला उपाध्यक्ष विद्या भारती संस्थान धौलपुर, भगवानसहाय शर्मा प्रधानायापक कोट पाडा बाड़ी, पवन कुमार शर्मा, राजकुमार चंसौरिया, मोहनबाबू वर्मा, किशोर वर्मा के अलावा अभिभावकगण उपस्थित रहें।

## मतगणना को लेकर प्रदेश में सुरक्षा की होगी त्रिस्तरीय व्यवस्था

# सभी सीटों पर सहजता और निर्बाध रूप से संपादन किया जायेगा मतगणना : विशाल बंसल

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** लोकसभा चुनाव के मतगणना के दौरान लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। प्रदेश के सभी लोकसभा चुनाव क्षेत्र में करीब 75 हजार पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था त्रिस्तरीय घेरे में रहेगी।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कानून एवं व्यवस्था विशाल बंसल ने बताया कि मंगलवार को राजस्थान में सभी 25 लोकसभा चुनाव क्षेत्र में काउंटिंग का कार्य किया जाएगा। इसके लिए सभी जिलों चाहे वहां काउंटिंग होनी हो या नहीं, पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया है। जिस जिले में काउंटिंग हो रही है उसे जिले में आरएसी एवं अन्य पुलिस बल को अतिरिक्त रूप में लगाया हैएडीजी विशाल बंसल ने बताया कि मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था तीन लेयर की प्लान की गई है। काउंटिंग सेंटर में स्ट्रांग रूम से काउंटिंग रूम में ईवीएम को ले जाने का सारा कार्य सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीए×फ) के नेतृत्व में किया जाएगा। आउटर एरिया में आरएसी के पास और उसके बाहर पुलिसकर्मी व्यवस्था संभालेगे। बंसल ने बताया कि भारी संख्या में सादा वस्त्रों में पुलिस कर्मियों को नियोजित किया गया है जो पूरे क्षेत्र में और काउंटिंग एरिया के आसपास निगरानी रखेंगे। सोशल मीडिया के लिए भी हमने सख्त निर्देश जारी किए हैं। सभी जिलों में सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार का अवांछित टिप्पणी एवं कमेंट आदि पर तुरंत ऐसे सामाजिक व्यक्तियों के खिलाफ एक्शन लिया जा सके एडीजी ने बताया कि परिणाम जारी होने के बाद किसी प्रकार का विजय जुलूस नहीं निकाला जा सकेगा। काउंटिंग हो जाने और उसका रिजल्ट डिक्लेयर हो जाने के बाद कैंडिडेट को पूर्ण सुरक्षा के साथ उनके ऑफिस या घर पर ले जाया जाएगा और साथ में अन्य किसी को भी सुरक्षा की जरूरत है तो इसका भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। बंसल ने बताया कि जिले के सेंसिटिव एरिया, जहां पर काफी लोगों के इकट्ठा होने या आपस में टकराव होने की संभावना है वहां पर स्पेसिफिक प्वाइंट पर स्ट्राइक फोर्स रखी जाएगी। मतगणना एवं उसके बाद किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो, इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।




विजयी जुलूस पर रहेगी रोक
75000 पुलिसकर्मी होंगे तैनात

## केन्द्रीय चुनाव पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में हुआ मतगणना दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन



**चमकता राजस्थान, जयपुर! (खलील कुरैशी।** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत मंगलवार, 04 जून 2024 को मतगणना होगी। इसी कड़ी में सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में मतगणना दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। मतगणना दलों का तृतीय एवं अंतिम रेंडमाइजेशन मंगलवार सुबह होगा।इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित, केन्द्रीय सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक कामिनी चौहान रतन सहित अन्य केन्द्रीय चुनावपर्यवेक्षक, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम सुरेश कुमार नवल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक मौजूद रहे।

## दौसा : रीको इंडस्ट्रियल एरिया में एक फूड फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**चमकता राजस्थान**

**दौसा।** सोमनाथ नगर के रीको इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक फूड फैक्ट्री में सोमवार को भीषण आग लग गई।सुबह करीब 6 बजे फैक्ट्री से धुआं उठने पर आसपास के लोगों को आग का पता चला। सुनील एग्रो प्रॉडक्शन फैक्ट्री में बारदाने में अचानक आग लग गई। फैक्ट्री में बाजरे की ग्रेडिंग की जाती है। जहां काफी तादात में बारदाना भरा हुआ था। जिसमें लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे क्षेत्र में धुएं का गुबार छा गया। आसपास की कॉलोनियों के लोगों में अफरातफरी मच गई। वहीं लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर दमकल के साथ कोतवाली थाना पुलिस भी पहुंची। फैक्ट्री मालिक को इसकी सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों से दमकलकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।फैक्ट्री में इमरजेंसी में आग बुझाने का कोई उपकरण मौजूद नहीं था। वहां मौजूद कर्मचारी भी बेबस नजर आए। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी है। गौरतलब है कि चार माह पूर्व सोमनाथ रीको क्षेत्र में मूंगफली फैक्ट्री में भी भीषण आग लगी थी। लेकिन फैक्ट्री में फायर सिस्टम व सुरक्षा उपकरणों की जांच नहीं होने से लगातार हादसे हो रहे हैं। इससे कभी भी बड़ी जनहानि हो सकती है।

### कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक, कहा

## शिकायतों पर रेस्पॉन्स टाइम न्यूनतम कर आमजन को राहत प्रदान करें एजेंसियां

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** आमजन से जुड़े सभी विभागों एवं एजेंसियों के अधिकारी जल्द से जल्द मानसून पूर्व आवश्यक तैयारियां पूरी करें एवं नागरिकों द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायतों पर रेस्पॉन्स टाइम न्यूनतम करें ताकि प्रभावितों तक त्वरित राहत पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जा सके। यह कहना है जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित का। राजपुरोहित ने यह बात सोमवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में कही। उन्होंने अधिकारियों को विभागीय नियंत्रण कक्ष को और अधिक प्रभावी बनाने, पर्याप्त संसाधन जुटाने, मिट्टी के कट्टे, मडपंप सहित उपलब्ध संसाधनों की जांच करने, सामुदायिक केन्द्रों में जरूरी इंतजाम जुटाने, सड़कों से अतिक्रमण हटाने, हाईवे की स्लिप लेन की मरम्मत, खुले विद्युत बॉक्स को बंद करवाने के निर्देश दिये।जिला कलक्टर ने मानसून से पहले जल्द से जल्द नालों की सफाई का कार्य पूर्ण करने, जल भराव के क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, एंटी मलेरिया एक्टिविटी शुरू करने, सड़कों के गड्ढे भरने, पेचवर्क करवाने, जर्जर भवनों की मरम्मत करवाने, झुके हुए पेड़ों एवं बिजली के खंबों का निस्तारण करवाने, सिवरेज होल पर ढक्कन लगवाने, नेवटा, केवटा एवं चंदलाई सहित अन्य बांधों पर मुस्तैदी बढ़ाने के लिए भी निर्देशित किया।



**यें अधिकारीगण रहे मौजूद**

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल, अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण शैफाली कुशवाहा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) लोकेश मीणा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (उत्तर) अलका विश्नोई, नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर मेट्रो, बीएसएनएल, पुलिस विभाग, रसद विभाग, शिक्षा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, जल संसाधन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों एवं एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

## हिंडौन सिटी थाना पुलिस की कार्रवाई 25 हजार रुपये इनामी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/करौली! (खलील कुरैशी)।** करौली जिले की हिंडौन सिटी थाना पुलिस की टीम ने साइबर ठगी के मामले में 3 साल से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी अभियुक्त भूर सिंह गुर्जर पुत्र लाल हंस निवासी कंजौली थाना बालघाट जिला गंगापुर सिटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी थाना स्तर पर टॉप 10 सक्रिय अपराधियों की श्रेणी में शुमार है। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि 4 दिसंबर 2021 को हिंडौन सिटी थाना पुलिस की टीम ने जुबेर खान निवासी थाना सीकरी, उमर खान निवासी थाना गोपालगढ़ एवं जीवन गुर्जर निवासी कंजौली थाना बालघाट को गिरफ्तार कर अलग-अलग बैंकों के 12 एटीएम कार्ड, चार मोबाइल एवं 8 सिम कार्ड बरामद किए थे। इसी मामले में पूर्व में गिरोह के अन्य दूसरे सदस्य राजेश गुर्जर, प्रेम गुर्जर, मजहर खान, मंसार खान, लोकेश गुर्जर एवं भूपेंद्र गुर्जर को गिरफ्तार किया जा चुका है।एसपी उपाध्याय ने बताया कि यह गिरोह एटीएम बदलकर एवं फेसबुक हैक कर ऑनलाइन ठगी किया करते हैं। इस गिरोह का सदस्य भूर सिंह काफी प्रयासों के बाद भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए उनके कार्यालय से 25 हजार का नाम घोषित किया गया।एसपी ने बताया कि वांछित अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसएचओ हरलाल के नेतृत्व में गठित की गई। टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर देवलेन मोड हिंडौन सिटी से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया।



## नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रचंड बहुमत से देश की सत्ता संभालने वाले हैं : डॉ. किरोडीलाल मीणा

**चमकता राजस्थान**

**दौसा।** कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा ने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रचंड बहुमत से देश की सत्ता संभालने वाले हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम में कांग्रेस और उनके सहयोगी दल पानी पी जाएंगे। जिला भाजपा संगठन की ओर से दौसा के गांधी तिराहा बस स्टैंड पर लगाई प्याऊ पर सोमवार को जलसेवा के लिए पहुंचे डा मीणा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी मुरारीलाल मीणा पर तंज भी कसा। उन्होंने कहा कि मुरारीलाल को घमंड हो गया कि वे दौसा से भाजपा का खात्म कर देंगे। लेकिन आरएसएस और भाजपा को इंदिरा गांधी ही नहीं दुनिया की कोई ताकत खत्म नहीं कर सकी। घमंड भरा बयान देना मुरारीलाल मीणा के लिए अच्छा नहीं है। कांग्रेस नेताओं द्वारा केंद्र में भाजपा सरकार की विदाई के बयान पर डा किरोडी ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने विधानसभा चुनाव में भी पूर्ण बहुमत से सरकार रिपीट होने का दावा किया था। लेकिन बनी भाजपा की सरकार। फिर दोहराया मंत्री पद से इस्तीफे का बयानडा किरोडी ने लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले एक बार फिर मंत्री पद से इस्तीफा देने का बयान दोहराया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मुझे 11 सीटों की लिस्ट दी। इनमें 7 सीटों पर हमने ज्यादा मेहनत की। यदि दौसा, अलवर, जयपुर ग्रामीण, भरतपुर, धौलपुर-करौली, कोटा-बूंदी, टोंक- सवाईमाधोपुर सीट से भाजपा हारी तो इस्तीफा दे दूंगा। डा किरोडी ने यह भी कहा कि बाड़मेर-जैसलमेर जैसी कुछ सीटों पर संशय है। हालाकि दौसा सीट से भाजपा की जीत होनी चाहिए। डा किरोडी ने प्रधानमंत्री के दौसा आने से पहले महवा में बयान दिया था कि दौसा से बीजेपी नहीं जीतीं तो इस्तीफा दे दूंगा। उन्होंने कहा कि मंगलवार को लोकतंत्र की रक्षा का पिटारा खुलेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अबकी बार 400 पार का का नारा सच साबित होगा।

# मैरिज होम, स्कूल, होटल एवं निजी चिकित्सालय की अग्निशमन संबंधी एनओसी नियम अनुसार जारी करें : कलक्टर

**चमकता राजस्थान**

**धौलपुर( रामदास तरुण)।** जिला कलक्टर निधि बी टी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।उन्होंने आयुक्त नगर परिषद को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून आने वाला है, जिन नालों की सफाई का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है!उनको शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण कर सफाई कराना सुनिश्चित करें! एवं नगर परिषद क्षेत्र में सफाई कराने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करें। नोडल अधिकारियों से नालों की सफाई कार्य की प्रतिदिन रिपोर्ट लेना सुनिश्चित करें। नगर परिषद क्षेत्र में जहां भी अतिक्रमण किया हुआ है उसको चिन्हित करते हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्यवाही करें। मैरिज होम, स्कूल, होटल एवं निजी चिकित्सालय की अग्निशमन संबंधी एनओसी नियम अनुसार जारी किया जाना सुनिश्चित करे। मानसून के दौरान शहर में जलभराव की समस्या वाले स्थानों को चिन्हित कर जिम्मेदार कार्मिकों की नियुक्ति की जाये। जलभराव की निकासी के लिए पूर्ण व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए नगर परिषद दमकलों को अलर्ट मोड पर रखे साथ ही ड्रेनेज की समुचित मॉनिटरिंग की जाए। अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी को निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति के लिए तीन कूपन व्यवस्था एवं जीपीएस के साथ जिन टैंकरों द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति के लिए लगाए गए हैं! वह टैंकर पानी से पूर्ण भरे हुए होने चाहिए, इसकी निगरानी रखा जाना सुनिश्चित करें! पेयजल आपूर्ति के लिए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाने वाले टैंकरों की सूचना आमजन को पहले ही दिया जाना सुनिश्चित करें। अवैध जल कनेक्शन करने वालो के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। आवश्यकता पडने पर पुलिस की मदद लिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पीएचईडी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए विद्युत कनेक्शन लेने के लिए जमा करा दी गई डिमांड नोटिस राशि के उपरान्त शत-प्रतिशत विद्युत कनेक्शन दिया जाना सुनिश्चित करें। जले हुए ट्रांसफार्मरों को तय समय सीमा के अन्दर बदला जाये। ढीले तारों को टाईट करें एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए किसी प्रकारी की कटौती न करते हुए निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाये। अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि वर्षात के मौसम एवं मानसून को ध्यान में रखते हुए सड़कों का पेचवर्क कार्य किया जाना सुनिश्चित करते हुए निर्माणाधीन सडकों पर डामरीकरण का कार्य किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नेशनल हाईवे दौसा के परियोजना निदेशक को खिन्नौट एवं गस्तिपुरा के सड़क निर्माण के तहत तोडे गये पाईप लाइन को दुरूस्त करने के लिए पत्र लिखा जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ई-फाइल का औसत निस्तारण समय कम से कम किए जाने हेतु प्रयास किए जाए। आगामी मानसून सीजन में रेन वाटर हार्वेस्टिग हेतु सभी तैयारियां पूर्ण की जाए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ब्रह्मलाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार, सीईओ जिला परिषद सुदर्शन सिंह तौमर, उपखण्ड अधिकारी धौलपुर साधना शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयन्ती लाल मीना सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# लोकतंत्र में संवैधानिक संस्थाओं के लिए अपमान जनक शब्दों का प्रयोग डोटासरा और कांग्रेस की ओछी मानसिकता को दर्शाता है लक्ष्मीकांत भारद्वाज



चमकता राजस्थान

**जयपुर 3 जून 2024।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्वाचन आयोग के खिलाफ अपमानजनक बयान को लोकंतत्र के लिए बेहद शर्मनाक बताया है। भारद्वाज ने पलटवार करते हुए कहा कि डोटासरा के बड़बोलेपन और अनर्गल बयानों से उनकी खीज और बौखलाहट साफ नजर आ रही है। लोकतंत्र की पवित्र संस्थाओं पर इस तरह के ओछे और घिनौने बयान देकर डोटासरा अपनी हताशा को छिपा रहे है। चुनाव परिणाम आने के बाद डोटासरा का अहंकार चूर चूर हो जाएगा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस के लोग भी कभी कभी किसी राज्य में चुनाव जीत जाते है तब इन्हे लोकतंत्र मजबूत नजर आता है और इनके कुकर्मों से जनता अधिकतर जगह इनको चुनाव हराती है तब यह संवैधानिक सस्थाओं पर झूठा आरोप लगाकर जनमत का अपमान करते हैं। भारत के निर्वाचन आयोग को पंगु और चोर जैसे अपमानजनक शब्दों से संबोधित करने वाले डोटासरा शायद ये भूल गए है कि हाल ही में विधानसभा चुनावों में तेलंगाना, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भी इसी निर्वाचन आयोग ने चुनाव करवाए थे। डोटासरा ने इन राज्यों में निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खडे नहीं किए, वहीं दूसरी ओर किसी प्रदेश में अगर भाजपा सरकार सत्ता में आती है तो बौखलाहट में कांग्रेसी नेता निर्वाचन आयोग और ईवीएम का राग अलापना शुरू कर देते है। ऐसे में कांग्रेसी नेताओं के अनर्गल बयान उनकी आतंरिक मनोदशा को दर्शाता है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बन रही है। लोकसभा चुनावों के एक्जिट पोल आने के बाद से ही कांग्रेस पार्टी के प्रदेश स्तरीय नेताओं के साथ केंद्रीय नेताओं की भाषा ही बदल गई। कांग्रेसी नेताओं ने फिर से ईवीएम पर दोषारोपण करना और निर्वाचन आयोग पर मिली भगत के आरोप लगाना शुरू कर दिया।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज ने कहा कि डोटासरा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 6 माह के कार्यों पर सवाल उठा रहे है, इन्हें पहले अपनी गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए। प्रदेश की जनता ने पिछली कांग्रेस सरकार के 5 साल के कुशासन से त्रस्त होकर ही प्रदेश में भाजपा की डबल ईंजन सरकार को चुना था और वह सरकार जनता की अपेक्षाओं के अनुसार आज काम कर रही हैं। लोकसभा चुनाव में राजस्थान में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की राजनीति और भजनलाल शर्मा सरकार के महज 6 माह के ऐतिहासिक कार्यों के नाम पर वोट किया है और राजस्थान की 25 की 25 लोकसभा सीटे पुनः जीतने वाली हैं।



## मोदी 3.0 केबिनेट में मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

# नीतीश कुमार छोड़ेंगे मुख्यमंत्री की कुर्सी !

पटना/एजेंसी



चुनावी नतीजे आने से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पीएम नरेंद्र मोदी से लगभग 35 मिनट तक मुलाकात की और शाम को वो गृहमंत्री अमित शाह से मिलने वाले हैं। एग्जिट पोल के अनुमान के बाद जीत को लेकर आश्वस्त बीजेपी ने जश्न की तैयारी शुरू कर दी है। खबर आ रही है कि कल शाम नतीजे आने के बाद पीएम अपने आवास से लेकर बीजेपी हेडक्वार्टर तक रोड शो करेंगे। यह पहली बार होगे जब पीएम मोदी जीत के बाद इस तरह से जश्न मनाएंगे। पीएम मोदी प्रचार के दौरान और कई टीवी इंटरव्यू में इस बात का जिक्र कर चुके हैं कि मोदी 3.0 के अगले 100 दिन का रोड मैप बना चुके हैं। रिजल्ट आने के तुरंत बाद वो अपने काम को पूरा करने में जुट जाएंगे। लेकिन इस बीच जिस बात की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है वो है बिहार के सीएम नीतीश कुमार और पीएम मोदी के बीच हुई मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात करने के बाद नीतीश कुमार गृहमंत्री अमित शाह से भी मिलेंगे। इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं। एक थ्योरी यह बताई जा रही है कि बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को राज्य में हुए लोकसभा चुनाव के संभावित नतीजों के बारे में जानकारी दी है। नीतीश कुमार की पीएम मोदी से हुई इस मुलाकात को 2019 में लोकसभा चुनाव के बाद घटे घटनाक्रम के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि नीतीश कुमार स्वयं इस बार 2019 का इतिहास दोहराना नहीं चाहते। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन का हिस्सा होने और बड़ी जीत मिलने के बावजूद नीतीश कुमार केंद्र में मंत्रिमंडल के गठन को लेकर नाराज हो गए थे। भाजपा और जेडीयू दोनों ही इस बार 2019 के प्रकरण को दोहराने से बचना चाहते हैं। लेकिन दूसरी तरफ यह कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार बिहार के सीएम की कुर्सी छोड़ेंगे और मोदी कैबिनेट में शामिल होंगे। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो अगर नीतीश कुमार ऐसा करते हैं तो पहली बार राज्य में कोई भाजपा नेता मुख्यमंत्री बनेगा। भाजपा आलाकमान से हुई इस मुलाकात में उन्हें मोदी मंत्रिमंडल किसी बड़ी जिम्मेदारी दी जाने की बात की बात कही जा रही है।

## श्री श्याम मंदिर सेवा समिति शाहपुरा सामाजिक दायित्वों का कर रही पालन

- राजकीय उप जिला चिकित्सालय में मरीजों व परिजनों को गन्ने का जूस व तरबूज खिलाकर की गयी निःस्वार्थ भाव सेवा
- मरीजों व आमजन की सेवा में जुटी रही महिलाओं की टोली



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा !(खलील कुरैशी)।** तपती गर्मी से मरीजों व आमजन को राहत देने के कर्म को लेकर श्री श्याम मंदिर सेवा समिति की ओर से चलाए जा रहे सेवा सप्ताह के तीसरे दिन सोमवार को राजकीय उप जिला चिकित्सालय में 10 क्विंटल गन्ने का जूस पिलाया व 6 क्विंटल तरबूज खिलाई गए सेवा कार्य का शुभारंभ शाहपुरा प्रधान मंजू देवी शर्मा व पार्षद इंदर राज पलसानिया के द्वारा श्याम बाबा की पूजा अर्चना करके भोग लगाकर सेवा प्रारंभ की गई मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद अजमेरी , कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा, मंदिर संचालक शंकर लाल सैनी व सचिव अनिल कुमार नरवल ने बताया कि श्री श्याम सेवा सप्ताह के तीसरे दिन 5 हजार मरीजो व आमजन को गन्ने का जूस व 6 क्विंटल ठंडा तरबूज खिलाया गया मंदिर कमेटी के व्यवस्थापक छितरमल पटेल, गोवर्धन लाल सैनी, सांवरमल सैनी, सीताराम यादव व अर्जुन लाल सैनी ने कहा कि महिलाओं की टोली मरीजों व आमजन को सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे तक सेवा कार्य में जुटी रही मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने बताया कि सेवा कार्य के दौरान मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता तरबूज काटते व मशीन से गन्ने का जूस निकलने कार्य में जुटे रहे । मंडोवरा ने बताया कि 3 जून मंगलवार को केरी का जूस,केरी की छाछ व ठंडा तरबूज राजकीय उप जिला चिकित्सालय में मरीजों व आमजन को खिलाया जाएगा इस मौके पर बाबूलाल सैनी, विपिन दीवान, कालूराम सैनी, मालीराम सैनी, परमेश्वर दयाल पलसानिया आदि ने व्यवस्थाओं में जुटकर मरीजों की सेवा करते रहे

## अपना कीमती वक्त बर्बाद मत कीजिए', एक्जिट पोल के नतीजों पर प्रशांत किशोर ने ऐसा क्यों कहा

पटना/एजेंसी

लोकसभा चुनाव के लिए एग्जिट पोल के नतीजे सामने आ चुके है। बिहार में राजनीतिक परिदृश्य फिलहाल एनडीए के पक्ष में है। एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक, बिहार में एनडीए गठबंधन को 48 प्रतिशत वोट शेयर मिलने की उम्मीद है। वहीं 'इंडिया' अलायंस को 42 प्रतिशत वोट शेयर मिलने का अनुमान है। इन आंकड़ों के आधार पर एनडीए को 29 से 33 सीटें मिलने की उम्मीद है। खास तौर पर, भाजपा को 13 से 15 सीटें मिल सकती हैं, जेडीयू को 9 से 11 सीटें मिल सकती हैं, जबकि चिराग पासवान की पार्टी को करीब 5 सीटें मिलने की संभावना है। दूसरी ओर, इंडिया अलायंस को 7 से 10 सीटें मिलने का अनुमान है, जिसमें आरजेडी को संभावित रूप से 6 से 7 सीटें और कांग्रेस को 1 से 2 सीटें मिलने की संभावना है।



एग्जिट पोल के नतीजों पर प्रशांत किशोर ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, 'अगली बार जब चुनाव और राजनीति की बात आए, तो अपना कीमती समय बेकार के फर्जी पत्रकारों, बड़े लोगों और स्वयंभू सोशल मीडिया विशेषज्ञों की बेकार की चर्चाओं और विश्लेषणों पर बर्बाद न करें।'

# सट्टा बाजार में भी 'एनडीए' को बहुमत

## 'इंडिया' गठबंधन को इतनी सीटों पर मिल सकती है जीत



नयी दिल्ली/एजेंसी

अधिकांश एग्जिट पोल पूर्वानुमानों के अनुरूप, दिल्ली के सट्टेबाजों का मानना है कि सत्तारूढ़ भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को लोकसभा चुनाव में 340 से अधिक सीटें मिलेंगी, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को लगभग 200 सीटें मिल सकती हैं। सटोरियो के नेटवर्क में काम करने वाले एक सूत्र ने बताया कि दिल्ली में सट्टेबाजों के आकलन के अनुसार, राजग को 341 से 343 सीटें मिल सकती हैं, जबकि 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के लिए यह संख्या 198 से 200 के बीच हो सकती है। सट्टेबाजों का पूर्वानुमान है कि भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर 310 से 313 सीटें जीत सकती है, जबकि कांग्रेस की सीटें 57 से 59 के बीच हो सकती हैं। सूत्र ने बताया कि दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से उन्होंने 'इंडिया' को एक सीट दी है। उसने कहा कि सट्टा बाजार दो सप्ताह पहले खुल गया है और दिल्ली-एनसीआर में अब तक चुनाव परिणामों पर करोड़ों रुपये का दांव लगाया जा चुका है। सूत्र ने बताया कि सटोरिये सिर्फ राष्ट्रीय राजधानी से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी हैं। सूत्र ने बताया कि सट्टेबाजों ने राजग की पूर्ण बहुमत के साथ एक बार फिर आरामदायक जीत की भविष्यवाणी की है, लेकिन उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन के 400 का आंकड़ा पार करने की संभावना से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि दुबई स्थित सट्टेबाजों के एक नेटवर्क ने भी चुनावों में राजग को भारी बहुमत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, कई लोगों ने एक से अधिक दांव लगा रखे हैं, ताकि यदि वे एक दांव पर अपना पैसा हार जाएं तो दूसरे दांव के जरिए कमाई कर सकें।



एक नजर

### बेटे ने मां की गोली मार कर की हत्या



**नवादा।** नवादा नगर के जेल रोड मोहल्ले में रविवार की देर रात बेटे ने अपनी मां की गोली मार कर हत्या कर दी । हत्या के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है। गोली की आवाज सुनते ही अगल-बगल में लोगों में दहशत छा गया। रविवार की देर रात नगर थाना क्षेत्र के पुरानी जेल रोड स्थित एक मकान में गोली मारकर महिला की हत्या की गई है। हत्या की घटना के बाद पुलिस ने हत्या करने वाले युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। जहां मृतक महिला की पहचान पुरानी जेल रोड निवासी राजकुमार डोम की पत्नी दीपा देवी के रूप में की गयी है। मृतक दीपा देवी के मंझले बेटे राज डोम ने अपनी मां को गोली मार हत्या कर दिया। घटना के बारे में मृतक के परिवार वालों ने बताया कि घर मे संपत्ति को लेकर कई माह से विवाद चला आ रहा था। आरोपी बेटा अपने घर को बेचकर पैसा मांग रहा था। इसी बात को लेकर कई बार घर में परिजनों के साथ वो मारपीट भी करता था।

### कंकाल से भरा बैग मिलने से हड़कंप

**कोलकाता।** बागुईआटी के जर्दा बागान इलाके में सोमवार सुबह नर कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार, स्थानीय लोगों ने एक परित्यक्त घर के मलबे में एक संदिग्ध बैग देखा। उक्त बैग को खोलने पर खोपड़ी और हड्डियां देख बागुईआटी थाने की पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर बागुईआटी थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। बैग में कंकाल बरामद होने की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस इसकी जांच कर रही है कि क्या ये इंसानी खोपड़ियां और हड्डियां हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में इलाज के लिए कोलकाता आए बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की हत्या कर दी गई थी।

### पत्नी से विवाद के बाद पति ने लगाा ली फांसी

**नवादा।** पत्नी से विवाद के बाद पति फांसी के फंदे से झूल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना नवादा जिले के पकरीबरावां थाना इलाके के बिहटा गांव में सोमवार को घटित हुई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। सदर अस्पताल नवादा में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बिहटा गांव निवासी लक्ष्मण चौहान उर्फ लच्छू चौहान का पत्नी से कुछ विवाद हुआ था। विवाद की वजह रहा कि रात्रि में लक्ष्मण ने पत्नी से शरीर में लगाने के लिए तेल मांगा। जिसपर दोनों के बीच बहस हो गई। मृतक के भाई छोटे लाल चौहान ने बताया कि इसी बात के बाद उनके भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । मृतक के भाई के अनुसार पति-पत्नी के बीच छोटे मोटे मसले पर विवाद होना आम बात है। लेकिन, फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का अंदेशा किसी को नहीं था। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक से अपराधियों ने लूटे 14 लाख रुपये

**पटना।** राजधानी पटना के बिहटा थाना क्षेत्र अतंर्गत गोखुलपुर गांव स्थित उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में सोमवार को दिनदहाड़े हथियार बंद अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया और लाखों रुपये लूट लिये। बैंक में घुसे बदमाशों ने पहले हथियार के बल पर कर्मियों और ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद तिजोरी से लगभग 14 लाख रुपये लूटकर फरार हो गये। बिहटा थाना प्रभारी ने बताया कि लूट की घटना हुई है। अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है। राशि का आकलन किया जा रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस बिहटा मार्ग के सभी रास्तों को सील कर छापेमारी कर रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

### बिजली सप्लाई को लेकर पूर्व उपमुख्यमंत्री ने स्टेट पावर कंपनी से किया आग्रह

**कटिहार।** जिले में प्रचंड गर्मी एवं अनियमित बिजली आपूर्ति से लोगों की परेशानियां बढ़ गयी है। खासकर बारसोई अनुमंडल क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली ने लोगों के हाथ पंखे वाले दिन की याद दिला रही है, क्योंकि कटिहार जिला अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बारसोई के बलिया बेलौन एवं सालमारी में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य पूर्व से चल रहा है। भवन निर्माण कार्य की गति काफी धीमी है, जिस कारण इस प्रमंडल में बेहतर विद्युत आपूर्ति नहीं हो पा रही है। गर्मी एवं वर्षा ऋतु में विद्युत आपूर्ति नियमित नहीं होने से आम उपभोक्ता परेशान है। कृषि फीडर में विद्युत आपूर्ति नहीं होने के कारण किसान भी अत्याधिक परेशान है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक संजीव हंस से आग्रह है कि बलिया बेलौन एवं सालमारी में निमार्णाधीन पावर - सब-स्टेशन का निर्माण कार्य की गति तेज करें ।

# मतगणना से पहले बंगाल के कई इलाकों में बम बरामद

**बीरभूम के दुबराजपुर में प्लास्टिक बैग से भरी बाल्टी में 25 बम मिले हैं**



एजेंसी

**कोलकाता।** चुनावी हिंसा के लिए कुख्यात रहे पश्चिम बंगाल में एक बार फिर लोकसभा चुनाव के बाद दहशत का माहौल बन रहा है। इसकी वजह है कि वोटों की गिनती से पहले राज्य के कई हिस्सों में बम बरामद हुए हैं। मुर्शिदाबाद के रानीनगर में सोमवार को भी ताजा बम बरामद किये गये। बीरभूम के दुबराजपुर में प्लास्टिक बैग से भरी बाल्टी में 25 बम मिले हैं।

इससे आम लोगों के मन में डर है कि मंगलवार को चुनाव नतीजे आने के बाद इलाके में हिंसा फैल सकती है। पिछले विधानसभा चुनाव नतीजे आने के बाद राज्य के अलग-अलग हिस्सों में हिंसा की स्थिति बन गई थी। विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता और समर्थक मारे गये थे। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया था और दूसरी जगह छिपने को मजबूर थे। लोकसभा चुनाव के बाद भी बंगाल में ऐसी स्थिति उत्पन्न होने की आशंका से आयोग ने 19 जून तक राज्य में 400 कंपनी सेंट्रल फोर्स रखने का फैसला किया है। इसके बावजूद अगर अशांति फैलती है तो उसे कितना रोका जा सकेगा, यह डर कई लोगों के मन में है। मुर्शिदाबाद के माकपा नेता संदीपन दास ने कहा कि तृणमूल के अपराधियों ने मतदान से पहले इलाके की शांत स्थिति को बिगाड़ने के लिए स्थानीय और आम लोगों के मन में आतंक का माहौल बनाने के लिए बमों को एकत्रित किया है।

## जिले के कई इलाकों में 72 घंटों तक जारी रहेगी धारा 144

एजेंसी

**हुगली।** हुगली जिले में चुनाव बाद हिंसा रोकने के लिए प्रशासन ने पहल की है। हुगली जिले के कई इलाकों में मतगणना के दिन यानी मंगलवार से धारा 144 जारी कर दी जाएगी। हुगली जिले के कई ब्लॉकों में करीब 72 घंटे के लिए धारा 144 जारी की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पिछले चुनाव के दौरान कुछ इलाकों से चुनाव बाद हिंसा की शिकायतें मिली थीं। उन सभी क्षेत्रों की पहचान कर ली गई है। इसके बाद पुलिस ने चुनाव बाद हिंसा को रोकने के लिए महकमा शासक से धारा 144 जारी करने की अपील की जिसको देखते हुए मंगलवार सुबह पांच बजे से शाम छह जून की शाम छह बजे तक हुगली जिले के कई इलाकों में धारा 144 जारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तारकेश्वर, जांगीपाड़ा, चंडीतला, मोगरा, बालागढ़, खानाकुल, गोघाट ब्लॉक समेत हुगली के विभिन्न इलाकों में मंगलवार सुबह से धारा 144 जारी की जा रही है। दूसरी ओर, कल सुबह से चंपाडांगा बाजार और बस स्टैंड, तारकेश्वर के दत्तपुर मोड़, टैगरा मोड़, ताजपुर, पियासरा और साहपुर इलाकों में धारा 144 लागू की जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हुगली जिले के जिन इलाकों में धारा 144 जारी की गई है, वहां फोर्स की कुल 10 कंपनियां तैनात की जाएंगी। प्रत्येक थाने में दो से चार सेक्शन तक केंद्रीय बलों को अलग-अलग इलाकों में तैनात करने की प्रक्रिया आज से शुरू कर दी गई है। पिछले लोकसभा, पंचायत और विधानसभा चुनावों के नतीजों की घोषणा के बाद से जिले के कई इलाकों में हिंसा की घटनाएं देखी गई थीं। इस साल पहली बार चुनाव के बाद की हिंसा को रोकने के लिए ऐसे उपाय किए जा रहे हैं।

## कोलकाता में 2 युवतियों से 'छेड़छाड़' करते सीआरपीएफ जवान को रंगे हाथ पकड़ा गया



संवाददाता

**कोलकाता।** हावड़ा, हुगली, मेदिनीपुर के बाद अब खास कोलकाता। सीआरपीएफ जवान पर फिर लगा छेड़छाड़ का आरोप। आरोप है कि मतदान ड्यूटी से लौट रही दो सीआरपीएफ जवान ने घर में घुसकर युवतियों के साथ छेड़छाड़ की। दो युवतियों की शिकायत पर चितपुर थाना पुलिस ने सीआरपीएफ जवान को गिरफ्तार किया है।

पता चला है कि जवान बारुईपुर में वोटिंग ड्यूटी पर था। वह अपनी मतदान ड्यूटी पूरी करने के बाद रविवार रात कोलकाता स्टेशन पहुंचे। वहां से उन्हें स्पेशल ट्रेन से वापस जाना था। हालांकि, आरोप है कि जवान स्टेशन से सटे एक घर में घुस गया। वहां दो बहनें दरवाजा खोलकर सो रही थीं। तभी सीआरपीएफ का जवान घर में घुस आया। कथित तौर पर जवानों ने दो बहनों को यौन रूप से छुआ। दोनों बहन नींद से उठ गए। वे चिल्लाने लगे। पड़ोसी एकत्र हो गये। सीआरपीएफ जवान को घेर लिया गया। उसे पकड़ कर चितपुर थाना के पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने दो युवतियों की शिकायत के आधार पर सीआरपीएफ जवान को गिरफ्तार किया। सूत्रों के मुताबिक, शिकायत की जांच के लिए सीआरपीएफ की ओर से एक अधिकारी को भेजा गया है। यह भी कहा कि अगर जवान दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पांचवें दौर के मतदान से पहले हावड़ा के उलुबेरिया में एक बधु से छेड़छाड़ का आरोप केंद्रीय बलों के जवानों पर लगा था। मतदान ड्यूटी पर तैनात एक आईटीबीपी जवान पर हुगली के जंगीपारा में एक घर में बलात्कार की कोशिश करने का आरोप लगाया गया था। छठे दौर की वोटिंग में देबरा में भी लगभग यही शिकायत सामने आई। सीआरपीएफ के एक जवान पर घर में बधु से छेड़छाड़ का आरोप लगा है। तीन घटनाओं के बाद खास कोलकाता में भी यही शिकायत सामने आई। जिसे लेकर पहले से ही काफी शोर मचा हुआ है।

## सीमा भूमि पर जाने से रोका गया, बीएसएफ की 'हत्या' के विरोध में किसानों ने की सड़क अवरुद्ध



संवाददाता

**कोलकाता।** बीएसएफ ने सीमा क्षेत्र में जाने से रोका। सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ पर विरोध करने पर किसानों की पिटाई का आरोप लगा है। विरोध में किसानों ने सड़क जाम कर दी। मुर्शिदाबाद के सागरपाड़ा और रानीनगर पुलिस स्टेशनों की सीमा से लगे धनीरामपुर बाजार में जलांगी शेखपारा पीडब्ल्यूडी की सड़क पर सोमवार सुबह से कुछ घंटों तक नाकाबंदी चली। खबर पाकर सागरपाड़ा ओसी अरिजीत घोष और रानीनगर पुलिस बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर आये। अंततः, जब उन्होंने किसानों की मांगों पर बीएसएफ के साथ बातचीत करने का वादा किया तो नाकाबंदी हटा दी गयी । घटना की शुरूआत रानीनगर में बामनाबाद सीमा पर 146 बटालियन बीएसएफ के प्रवेश बिंदु पर हुई। किसानों ने शिकायत की कि अन्य दिनों की तरह, वे सुबह 5:30 बजे बीएसएफ के प्रवेश बिंदु पर लाइन में लग गए। किसानों को आमतौर पर सुबह 6-30 बजे तक सीमा भूमि में प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है। लेकिन सुबह के साढ़े सात बजने के बावजूद बीएसएफ ने प्रवेश शुरू नहीं किया। किसान अमीनुल इस्लाम, निर्मल मंडल ने कहा, "इससे असंतोष जताने के लिए बीएसएफ कंपनी कमांडर ने किसानों पर लाठीचार्ज शुरू कर दिया। कम से कम 10 किसान घायल हो गये। केबल वही नहीं, बीएसएफ ने नजदीक से गोली चलाई।"

उस घटना के विरोध में उन्होंने धनीरामपुर बाजार की सड़क को जाम कर दिया। सड़क पर साइकिलें रखकर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। उस घटना से धनीरामपुर बाजार में काफी उत्तेजना फैल गयी है। जलंगी शेखपड़ा रोड को जाम कर दिया गया। यात्री बसों, छोटी कारों और पैदल चलने वालों को परेशान होना पड़ रहा है। किसानों ने कहा, "हम खेत में फसल उगाकर सीमा की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन बीएसएफ हमें भारतीय सीमा में चार से पांच किलोमीटर अंदर रोककर खेती करने में दिक्कत पैदा कर रही है। ऐसा नहीं है, बांग्लादेशी बदमाश खुलेआम भारतीय सीमा में घुसकर जमीन की फसलें काट रहे हैं। फसलें पशुओं द्वारा चरी जाती हैं।

# मतगणना केंद्र में 3 घेरे की सुरक्षा, दंगा रोकने के लिए पुलिस की विशेष फोर्स तैयार



संवाददाता

**कोलकाता।** मतगणना केंद्र में 3 घेरे की सुरक्षा। वोटों की गिनती के दौरान कोई दंगा न हो इसके लिए पुलिस और केंद्रीय बल तैयार हैं। वहीं, चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद शहर में कोई झड़प या हिंसा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक डिवीजन में 50 लोगों की एक विशेष पुलिस बल का गठन किया गया है। साथ ही चुनाव बाद हिंसा से निपटने के लिए केंद्रीय बलों की कम से कम 40 कंपनियां तैयार हैं। पुलिस के मुताबिक, कुल चार लोकसभा क्षेत्रों के वोटों की गिनती कोलकाता के 14 मतगणना केंद्रों पर की जाएगी। डायमंड हार्बर केंद्रों की हेस्टिंग्स हाउस सिस्टर निवेदिता जनरल डिग्री कॉलेज फॉर गर्ल्स, महिला बीएड कॉलेज, मल्टीपर्पज गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल, स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन फॉर वुमेन शामिल होंगे। जादवपुर केंद्र की गिनती विजयगढ़ ज्योतिष रॉय कॉलेज में होगी।कोलकाता उत्तर केंद्र की गिनती नेताजी इंडोर स्टेडियम में कई केंद्रों पर होगी। कोलकाता दक्षिण केंद्र की गिनती गीतांजलि स्टेडियम, राजदंगा मेन रोड, जोकर ब्रत्चारी विद्याश्रम हायर सेकेंडरी स्कूल, विवेकानंद कॉलेज, ठाकुरपुकुर, सेंट थॉमस बॉयज स्कूल, खिदिरपुर, सखावत मेमोरियल गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल, लॉर्ड सिन्हा रोड, बालीगंज गवर्नमेंट हाई स्कूल, बाबासाहेब अम्बेडकर शिक्षा विश्वविद्यालय में होगी। प्रत्येक मतगणना केंद्र की सुरक्षा का प्रभारी एक डीसी रैंक का अधिकारी है। कम से कम एक सहायक आयुक्त, तीन से पांच इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी, पर्याप्त संख्या में सब इंस्पेक्टर, सहायक सब इंस्पेक्टर और कांस्टेबल हर समय उसके अधीन रहते हैं। प्रत्येक मतगणना केंद्र पर कम से कम 200 पुलिसकर्मी तैनात किये जा रहे हैं। स्ट्रांग रूम से केंद्रों तक ईवीएम केंद्रीय बलों की निगरानी में लाई जाएंगी। मतगणना केंद्र की सुरक्षा तीन घेरे में है। जिस कक्ष में मतदानकर्मी गिनती करेंगे, वहां सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय बलों के पास ही होगी। बाहरी घेरा सशस्त्र पुलिस है। पुलिस बल उस क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। मतगणना केंद्र के बाहरी हिस्से यानी तीसरे घेरे पर भी पुलिस का कब्जा है। तीसरे घेरे की पुलिस यह देखेगी कि कोई भी व्यक्ति बिना पहचान पत्र के केंद्र में प्रवेश न कर सके। यह पुलिसकर्मी और अधिकारी उन लोगों पर भी नजर रखेंगे जिनके पास चुनाव आयोग के सभी नियमों के मुताबिक प्रवेश करने के लिए अपनी पहचान होगी।

## चुनाव बाद छिटपुट अशांति, मतगणना के 2 सप्ताह बाद भी राज्य में रहेंगे केंद्रीय बल

संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल में चुनाव के बाद छिटपुट अशांति। इसीलिए चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों की तैनाती की समय सीमा बढ़ा दी है। रविवार को राज्य के मुख्य चुनाव आयोग के कार्यालय में एक बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है कि केंद्रीय बलों के जवान 19 जून तक राज्य के संवेदनशील इलाकों में रहेंगे। पता चला है कि जिन इलाकों में छोटी-मोटी अशांति का माहौल है, वहां विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता प्रभावित होंगे, वहां फोर्स रहेगी। खबर है कि जवानों की तैनाती कैसे होगी इस बात पर भी इस दिन की बैठक में फैसला लिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने 2024 लोकसभा चुनाव सुचारू रूप से कराने के लिए पश्चिम बंगाल में अधिकतम केंद्रीय बलों को तैनात करने का निर्णय लिए थे। अब तक हुए कुल 7 राउंड के चुनाव में करीब 950 कंपनी जवानों को तैनात किया गया था। आयोग के सूत्रों ने कहा कि 1 जून को आखिरी दौर के मतदान के बाद लगभग आधे बल को हटा लिया जाएगा। आयोग ने 31 मई को अधिसूचना जारी कर कहा कि 6 जून तक 400 कंपनी बल (सेंट्रल फोर्स) राज्य में रहेंगे। आयोग के सूत्रों के मुताबिक, इनमें बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी की कई बटालियनें होंगी। लेकिन 1 जून को आखिरी चरण के मतदान में अलग-अलग जगहों पर छिटपुट गड़बड़ी की खबरें आईं। अगले दिन यानी रविवार को चुनाव आयोग ने इसे लेकर बैठक की। वहां फैसला लिया गया है कि 6 जून को नहीं, बल्कि गणना के बाद कम से कम दो हफ्ते यानी 19 जून तक केंद्रीय बलों की तैनाती की जाएगी। आयोग के सूत्रों के मुताबिक जवानों को कहां और कैसे रखा जाएगा इसकी रूपरेखा भी तय कर ली गई है। आयोग का यह फैसला चुनाव बाद हिंसा को रोकने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए है।

मतगणना

**प्रदेश में 40 मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे से वोटों की गिनती**

# त्रिस्तरीय सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है

संवाददाता

**पटना।** देश में लोकसभा की 543 सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। राज्यभर में 40 मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू हो जायेगी। सभी केंद्रों पर तीन परत में सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। तीनों परत में अलग-अलग स्तर के सुरक्षा बल तैनात हैं। पहली पंक्ति में ज्यादातर केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवान रहेंगे। दूसरी परत में बीसैप या जिला बल के जवान और तीसरी परत में स्थानीय और जिला बल के जवान तैनात रहेंगे। जिला बल के जवान बाहरी परिसर में, बीसैप के जवान मतगणना केन्द्रों के प्रवेश द्वार पर जबकि केन्द्रीय सुरक्षा बलों के जवान मतगणना स्थल पर सुरक्षा की कमान संभालेंगे। इन्हीं के जिम्मे ईवीएम की सुरक्षा

**● संवेदनशील और अधिक महत्व वाले केंद्रों पर शुरू की दो परतों में केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी**



भी है। संवेदनशील और अधिक महत्व वाले केंद्रों पर शुरू की दो परतों में केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी। इसके लिए सभी जिलों को पर्याप्त संख्या में बल तैनात कर दिए गए हैं। चुनाव कराने के लिए बाहर से बुलाई गई केंद्रीय सुरक्षा बलों की 153 कंपनियों को भी संबंधित जिलों में ही रोक दिया गया है। जहां केंद्रीय बलों की कमी है, वहां दूसरे स्थान या जहां संख्या अधिक है, वहां से इन्हें भेज दिया गया है ताकि मतगणना केंद्रों पर तैनाती में इनकी कोई कमी महसूस नहीं हो। इसके अतिरिक्त बीसैप के भी सभी जवानों की तैनाती आवश्यकता के अनुरूप कर दी गई है। पाटलिपुत्र और पटना साहिब लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना पटना के एएन कॉलेज में होगी। इस दौरान बोरिंग रोड को पूरे तरीके से सील किया जाएगा। इस रास्ते पर गाड़ियों का परिचालन पूरे तरह से बंद रहेगा। यह बंदी सुबह पांच बजे से मतगणना की समाप्ति तक लागू होगा। इस व्यवस्था से अग्निशमन, एम्बुलेन्स, शव वाहन, मरीजों के वाहन, न्यायिक कार्य से जुड़े वाहन, मतगणना कार्य से जुड़े वाहनों, पास धारक वाहनों और अन्य अनिवार्य सेवा के वाहन बाहर रहेंगे। इसी तरह मतगणना कर्मी के वाहन पाटलिपुत्रा गोलम्बर से बोरिंग रोड में नहीं आएंगे। इन वाहनों की पार्किंग व्यवस्था सहयोग हॉस्पीटल पाटिलपुत्रा के खाली मैदान में की जायेगी। वहां से मतगणना अभिकर्ता पैदल एएन कॉलेज में आयेंगे।

## चुनाव आयोग के तमाम प्रयास के बाद भी बिहार में नहीं बढ़ा मतदान का प्रतिशत

एजेंसी

**पटना।** बिहार समेत देश भर में लोकसभा 2024 के लिए मतदान की प्रक्रिया खत्म हो गई है और अब आज से मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मंगलवार देर शाम तक जनता का निर्णय सबके सामने होगा। इस बीच बिहार के 40 लोकसभा सीटों पर मतदान प्रतिशत को लेकर जो आग्रह जारी किए गए हैं । वह चुनाव आयोग के लिए चिंता की सबब बन सकती है। इस बार भी बिहार में आयोग के तरफ से तमाम प्रयासों के बावजूद लोकसभा चुनाव में मतदान का औसत नहीं बढ़ा।

सात चरणों में कराये गए लोकसभा चुनाव में सिर्फ नौ संसदीय क्षेत्रों में मतदान का औसत 60 फीसदी से ज्यादा रहा। चार सीटों पर तो 50 फीसदी से भी कम मत पड़े। इस बार राज्य में सबसे कम मतदान नवादा संसदीय क्षेत्र में सिर्फ 43.17 फीसदी तो सबसे ज्यादा कटिहार में 63.76 फीसदी रहा। सातवें और अंतिम चरण को छोड़ शेष छह चरणों का औसत मतदान 2019 के चुनाव के मुकाबले घटा है। 2019 में सातवें चरण में 51.24 फीसदी मतदान हुआ था। जिन नौ संसदीय क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत 60 फीसदी से ऊपर रहा, उनमें कटिहार, सुपौल, पूर्णिया, किशनगंज, वैशाली, अररिया, पश्चिमी चंपारण, वाल्मीकिनगर व समस्तीपुर शामिल हैं। हालांकि,जहानाबाद, पटना साहिब, काराकाट, पाटलिपुत्र, बक्सर और वैशाली में 2019 के चुनाव के मुकाबले मतदाताओं ने थोड़ा ज्यादा उत्साह दिखाया और इसी कारण अंतिम चरण में मतदान का प्रतिशत बढ़ गया।

वोटिंग में आगे रहे 10 संसदीय क्षेत्र (मतदान प्रतिशत) में सबसे पहले नंबर पर कटिहार 63.76, सुपौल 63.55, पूर्णिया 63.08, किशनगंज 62.84, वैशाली 62.59, अररिया 61.93, प. चंपारण 61.62, वाल्मीकिनगर 60.19, समस्तीपुर 60.11 और पू. चंपारण 59.68 रहा।

# कांग्रेस ने कहा- भरोसे के लायक नहीं रहा चुनाव आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मतदान सम्पन्न होने के बाद चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं जिसपर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) ने पलटवार किया है।

कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा किया था उसके जवाब में सोमवार को भाजपा की ओर से तिखी प्रतिक्रिया आई है।

जयराम रमेश ने कहा है कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसे तटस्थ रहने की जरूरत है। यह एक संवैधानिक संस्था है, हम इसका सम्मान करते हैं क्योंकि इसकी गरिमा है। लोग न केवल पार्टियों और उम्मीदवारों पर बल्कि चुनाव आयोग पर भी नजर रख रहे हैं। लेकिन चुनाव आयोग ने अब तक जिस तरह से काम किया है, हम उस पर भरोसा नहीं कर सकते।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश पर झारखंड भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने आज (सोमवार) तिखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस के मन में देश की किसी भी संवैधानिक संस्था के लिए बहुत कम सम्मान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जानती है कि वह 2024 के चुनावों में भारी हार की ओर बढ़ रही है। इसलिए अब एक कहानी बनाने कोशिश की जा रही है कि कुछ गलत हुआ है और हेरफेर हुआ है।

- भाजपा ने कहा हार देख कांग्रेस ने गढ़ी नई कहानी



## हम एग्जिट पोल से चिंतित नहीं, गिनती को लेकर काफी निश्चिंत हैं : शशि थरूर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस एग्जिट पोल से इतर लोकसभा चुनाव परिणाम की अपेक्षा कर रही है। इस कड़ी में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सोमवार को केरल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शशि थरूर ने कहा कि सिर्फ तिरुवनंतपुरम ही नहीं, मुझे भी शत प्रतिशत भरोसा है कि देश भर की तस्वीर के लिए जो आंकड़े एग्जिट पोल में देखे जा रहे हैं, वे भी कल झूठे साबित हो जाएंगे। शशि थरूर ने कहा कि हम एग्जिट पोल से चिंतित नहीं हैं, हम कल (मंगलवार) की गिनती को लेकर काफी निश्चिंत हैं।

कांग्रेस नेता सांसद शशि थरूर ने कहा कि वे पूरी तरह से जानते हैं कि तिरुवनंतपुरम केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सबसे मजबूत निर्वाचन क्षेत्र है। भाजपा दो मौकों पर दूसरे स्थान पर रही है, इसलिए दूसरे स्थान पर आने में पूरी तरह से सक्षम हैं। शशि थरूर ने कहा कि जिस तरह से एग्जिट पोल में संभावना दिखाई जा रही है कि भाजपा वास्तव में यह सीट जीत सकती है, जिसका कोई आधार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल में कहीं कोई लहर नहीं थी, मुकाबला त्रिकोणीय था, ऐसे में यह धारण नहीं होनी चाहिए।

**दिल्ली जल संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने अपर यमुना रिवर बोर्ड को दिये निर्देश**

# केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और हि.प्र. की 5 को बुलाए बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपर यमुना रिवर बोर्ड से कहा है कि दिल्ली में जल संकट के मद्देनजर केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के प्रतिनिधियों की बैठक 5 जून को बुलाये। मामले की अगली सुनवाई 6 जून को होगी।



कोर्ट ने कहा कि यमुना रिवर बोर्ड की बैठक में इस बात पर विचार हो कि दिल्ली वालों को कैसे जल संकट से निजात मिल सकती है। कोर्ट ने यमुना रिवर बोर्ड से कहा कि बैठक में हुई चर्चा और संकट के मद्देनजर उठाये जा रहे कदमों की जानकारी कोर्ट के सामने 6 जून को रखें। सुनवाई के दौरान हिमाचल प्रदेश सरकार ने कहा कि उसे दिल्ली को अतिरिक्त पानी देने में कोई परेशानी नहीं है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि दिल्ली में पानी की बबार्दी भी एक अहम मुद्दा है। दिल्ली को दिए जाने वाले पानी में से 52 फीसदी की बबार्दी होती है, जिसमें टैंकर माफिया और इंडस्ट्रीज द्वारा पानी की चोरी भी बड़ी वजह है।

याचिका में दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए हरियाणा और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी दिए जाने का निर्देश देने की मांग की गई है। दिल्ली सरकार ने भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कहा है कि दिल्ली की पानी की जरूरत बढ़ गई है। ऐसे में देश की राजधानी में पानी की जरूरत पूरा करना सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए सीमावर्ती राज्य अतिरिक्त पानी दिल्ली को दें।

**महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयुक्त का आदेश**

## उद्धव ठाकरे पर आचार संहिता भंग मामले में होगी कार्रवाई

एजेंसी

**मुंबई।** चुनाव आयोग ने सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे पर आचार संहिता भंग मामले में कार्रवाई करने का आदेश महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयुक्त को दिया है।



मुंबई सहित अन्य सीटों पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान उद्धव ठाकरे ने धीमी गति से चुनाव करवाने का आरोप लगाया था। इसके बाद मुंबई भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार ने उद्धव ठाकरे की पत्रकार परिषद के विरुद्ध आचार संहिता भंग की कार्रवाई करने के लिए चुनाव आयोग को पत्र लिखा था। इसी पत्र के आधार पर आज चुनाव आयोग ने उद्धव ठाकरे पर कार्रवाई करने का आदेश राज्य चुनाव आयुक्त को दिया है।

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राऊत ने कहा कि वे चुनाव आयोग की ओर से होने वाली कार्रवाई का स्वागत करते हैं। हम इस कार्रवाई का सामना करेंगे। संजय राऊत ने कहा कि इससे पहले हमने चुनाव आयोग को आचार संहिता भंग की 17 शिकायतें पत्र लिखकर की है, लेकिन चुनाव आयोग ने किसी भी शिकायत का जवाब तक नहीं दिया है। यह कार्रवाई भाजपा के इशारे पर की जा रही है।

## हिमाचल के तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर

एजेंसी

**शिमला।** लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के नतीजों से एक दिन पहले सोमवार को हिमाचल विधानसभा के स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने तीन निर्दलीय विधायक केएल ठाकुर, आशीष शर्मा और होशियार सिंह का इस्तीफा मंजूर कर लिया है और अब ये तीनों विधायक विधानसभा के सदस्य नहीं रहे।

इन तीनों ने 72 दिन पहले विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वे भाजपा में शामिल हुए थे। सत्तापक्ष कांग्रेस की ओर से स्पीकर के समक्ष याचिका दायर कर इन्हें दलबदल कानून के तहत अयोग्य ठहराने की मांग की थी। तीनों निर्दलीय विधायकों ने 22 मार्च को अपनी विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दिया था। स्पीकर द्वारा इस्तीफा मंजूर न होने पर तीनों निर्दलीय विधायकों ने हाईकोर्ट का भी रुख किया था।

**तीन सीटों पर होंगे उपचुनाव**

स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने सोमवार को विधानसभा स्थित अपने चेम्बर में आयोजत पत्रकार वार्ता में कहा कि विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देने वाले तीनों निर्दलीय विधायकों केएल ठाकुर, आशीष शर्मा और होशियार सिंह का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है और अब ये तीनो मौजूदा 14वीं विधानसभा के सदस्य नहीं माने जाएंगे। उन्होंने कहा कि तीनों निर्दलीय विधायकों को दलबदल कानून के तहत अयोग्य घोषित करने सम्बंधी याचिका पर भी फैसला आज ही सुना देंगे, लेकिन किसी भी स्थिति में ये निर्दलीय विधायक अब विधानसभा के सदस्य नहीं रहेंगे।

### मणिपुर में भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में हथियार और गोला बारूद की बरामदगी का सिलसिला लगातार जारी है। इसी सिलसिले में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद संयुक्त सुरक्षा बलों के अभियान में बरामद किया गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान और क्षेत्र वर्चस्व चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान काकचिंग जिले के मोल्टिंगचाम गांव से चार 36 एचई ग्रेनेड बिना डेटोनेटर और फ्यूज के, दो हेलमेट, दो देशी विस्फोटक पाइप लांचर, एक बाओफेंग रेडियो हैंडसेट, तीन 12 बोर कारतूस, मोर्टार स्मोक शेल, तीन बीपी वेस्ट और एक पैर की पायल बरामद किया गया।

### पीएम मोदी ने करुणानिधि को 100वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) नेता एवं तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री कलैगनार करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री मोदी ने द्रमुक नेता के साथ मुलाकात की अपनी एक पुरानी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए लिखा, 'मैं कलैगनार करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने तमिलनाडु और तमिल लोगों के विकास के लिए काम किया। उनके विद्वान स्वभाव के लिए उनका व्यापक सम्मान किया जाता है। मुझे उनके साथ अपनी कई मुलाकातें याद आती हैं, जिसमें वह समय भी शामिल है, जब हम दोनों अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री थे।'

## कार पलटी, चार की मौत

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सतना जिले में नेशनल हाईवे पर रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र में रविवार की रात एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। इस हादसे में कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है, जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है। रामपुर बाघेलान थाना प्रभारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि हादसा रीवा-सतना के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ। यहां मनकहरी ओवर ब्रिज पर रविवार की रात करीब नौ बजे एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे के वक्त कार में पांच लोग सवार थे, जिनमें से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाकर अस्पताल पहुंचाया। इनमें से तीन घायलों ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। वहीं, एक घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करके उपचार शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी मृतकों और घायल की शिनाख्त नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## राजगढ़ में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से 13 की मौत

एजेंसी

**राजगढ़।** राजगढ़ जिले के ग्राम पिपलौदी रोड़ पर रविवार की रात बेकाबू ट्रेक्टर-ट्रॉली खाई में पलटने से 13 लोगों की मौत हो गई, हादसे में 25 वर्षीय गर्भवती महिला और उसके तीन साल के बेटे की मौत हुई, वहीं एक 22 वर्षीय महिला और उसके पांच साल के बेटे की मौत हुई। दुर्घटना में ट्रॉली के नीचे दबने से 16 लोग घायल हुए हैं, जिनमें गंभीर रुप से घायल दो बच्चों समेत चार को भोपाल रेफर किया गया है। बारात में शामिल घायल महिला ने बताया कि ट्रेक्टर चालक शराब के नशे में था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सौंपे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित प्रदेश के सीएम डॉ.मोहन यादव ने ट्वीट पर जिले में हुई सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।



जानकारी के अनुसार राजस्थान के इकलेरा के समीप स्थित मोतीपुरा गांव के तूतड़िया परिवार की बारात राजगढ़ के देहरीनाथ पंचायत के कमालपुर जा रही थी तभी कामखेड़ा से कुछ दूर पिपलौदी मोड़ पर ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया। ट्रेक्टर में 50 बाराती सवार थे, जिसमें कुछ लोग ट्रॉली के नीचे दब गए, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। जेसीबी की मदद से ट्रॉली के नीचे दबे शवों और घायलों को बाहर निकाला गया। हादसे की सूचना पर पहुंचे प्राशसनिक व पुलिस अफसरों की मौजूदगी में घायलों को एम्बूलेंस वाहनों की मदद से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।

**एक नजर**

### कार में लगी आग, दिल्ली से हरिद्वार जा रहे चार लोगों की मौत



**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ के जानी थाना क्षेत्र में अपर गंगनहर किनारे बने कांवड़ पटरी मार्ग पर रविवार देररात एक सेंट्रो कार में आग लग जाने से उस पर सवार चार लोग जिंदा जल गए। इनमें से किसी की भी शव की पहचान नहीं हो सकी है। चारों शव बुरी तरह झुलसी अवस्था में मिले हैं। यह हादसा जानी और भोला के बीच गांव सिसौला खुर्द के सामने हुआ। यह लोग सेंट्रो कार से दिल्ली से हरिद्वार जा रहे थे। वहां से गुजर रहे किसी व्यक्ति ने जलती कार को देखकर फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड और जानी पुलिस मौके पर पहुंची। घंटों की मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। नंबर प्लेट के आधार पर गाड़ी मालिक का नाम सोहनपाल पुत्र ओमप्रकाश गांव प्रहलादपुर बांगर दिल्ली पता चला। एसपी (सिटी) कमलेश बहादुर के अनुसार, दिल्ली पुलिस के अधिकारियों से संपर्क कर-के मृतकों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### सोनिया गांधी ने करुणानिधि को 100वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। सोमवार को चेन्नई में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में राहुल गांधी भी शामिल हुए। सोनिया गांधी ने कहा कि हम यहां भारत के महान सपूत थिरु डॉ. के. करुणानिधि के कार्यों और स्मृति को याद करने के लिए एकत्र हुए हैं, जिन्हें प्यार से कलैगनार कहा जाता था। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी नेता थे, एक लेखक, एक कवि, एक पत्रकार, कई बार मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने कहा कि करुणानिधि वंचितों के उत्थान में गहराई से विश्वास करते थे। वे सभी के लिए समानता में विश्वास करते थे। वह लैंगिक समानता के हिमायती थे। इस मौके पर राहुल गांधी ने कहा कि तमिलनाडु के एक महान नेता - ऐसे व्यक्ति जिन्होंने तमिल लोगों की संस्कृति, भाषा का बचाव किया। आज यहां आना मेरे लिए सम्मान की बात है।

### पुलवामा में आतंकी मुठभेड़ रुकने के बाद सुरक्षा बलों ने चलाया तलाशी अभियान

**पुलवामा।** पुलवामा जिले के नेहामा इलाके में मुठभेड़ स्थल पर आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी रूक गई है। जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, उसमें गोलीबारी के दौरान आग लग गई है। हालांकि, मुठभेड़ स्थल पर तलाशी अभियान जारी है। इससे पहले सुरक्षा बलों को जिले के नेहामा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली तो पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया गया। अभियान के दौरान जैसे ही तलाशी दल संदिग्ध स्थान पर पहुंचा तो इलाके में छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। ऐसा माना जा रहा था कि सबसे लंबे समय तक जीवित रहने वाला लश्कर का आतंकवादी कमांडर रियाज डार अपने साथियों के साथ मुठभेड़ में फंसा हुआ है। क्षेत्र में अभियान फिलहाल जारी है।

### नीतीश ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री और जेडी (यू) नेता नीतीश कुमार ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। लोकसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले जेडीयू नेता की मुलाकात को लेकर राजनतिक गलियारों में कई तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। ऐसे में जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व राज्यसभा सांसद केसी त्यागी ने एक बयान में कहा कि हम यह स्पष्ट कर दें कि सीएम नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री से मुलाकात महज एक शिष्टाचार भेंट थी।

### महाराष्ट्र : दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार की मौत, 16 घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सोमवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई है जबकि 16 लोग घायल हुए हैं। वाशिम में खड़े ट्रक से एक कार टकराने से तीन लोगों की और छत्रपति संभाजी नगर जिले में ट्रैक्टर और बस की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। छत्रपति संभाजी नगर में हुए सड़क हादसे में 16 लोग घायल हुए हैं। घायलों को घाटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की मामलों की छानबीन स्थानीय पुलिस कर रही है। पुलिस के अनुसार सोमवार को सुबह करीब 8 बजे वाशिम में मालेगांव के रिधोरा गांव के पास समृद्धि हाईवे पर किनारे खड़े ट्रक से एक कार टकरा गई। इस हादसे में कार चालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त कार से शवों को निकाला और मालेगांव ग्रामीण अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की छानबीन जारी है।

**ईवीएम तोड़ने का मामला** | **सर्वोच्च न्यायालय ने विधायक को सुरक्षा देने पर उठाये सवाल**

# सिस्टम का मजाक बना दिया : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ईवीएम तोड़ने के मामले में आंध्र प्रदेश के मचेरला विधानसभा से विधायक पिनेली रामकृष्णा रेड्डी को आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट से गिरफ्तारी पर लगी अंतरिम रोक के आदेश पर सवाल उठाया है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस संदीप मेहता की वेकेशन बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में अंतरिम सुरक्षा कैसे दी जा सकती है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि अगर हम हाई कोर्ट के आदेश पर रोक नहीं लगाएंगे तो ये सिस्टम का मजाक बन जाएगा। सुनवाई के दौरान कोर्ट में रेड्डी द्वारा ईवीएम तोड़े जाने का वीडियो प्ले किया गया। वीडियो दिखाए जाने के बाद रेड्डी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कहा कि ये वीडियो किसका है हम नहीं जानते हैं। ये आधिकारिक वीडियो नहीं है। तब जस्टिस मेहता ने कहा कि कुछ फोटो भी हैं। तब विकास सिंह ने कहा कि रेड्डी 4 जून को मतगणना के दौरान मतगणना स्थल पर नहीं जाएंगे। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट को निर्देश दिया कि वो रेड्डी की याचिका पर 6 जून को कानून के मुताबिक फैसला करें।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट तेलुगूदेशम पार्टी के पोलिंग एजेंट की ओर से दायर दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। एक याचिका में आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट की ओर से रेड्डी को दी गई अंतरिम सुरक्षा निरस्त करने की मांग की गई थी और दूसरी याचिका में कहा गया था कि वीडियो में साफ-साफ दिखाई दे रहा है कि रेड्डी ईवीएम को तोड़ रहे हैं, लेकिन पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

- कहा- ऐसे मामलों में अंतरिम सुरक्षा कैसे दी जा सकती है



## स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को अग्नि-सुरक्षा मानदंडों के सख्त अनुपालन की दी सलाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अस्पतालों में आग की घटनाओं को देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों और स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में राज्य स्वास्थ्य विभागों और लगभग 390 स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के 15 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के बाद राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में नियामक प्रोटोकॉल और अग्नि-सुरक्षा मानदंडों के सख्त अनुपालन की आवश्यकता दोहराई है।

सोमवार को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को अग्नि-सुरक्षा मानदंडों के सख्ती से अनुपालन की सलाह दी है। मंत्रालय ने कहा कि हाल ही में कुछ जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। ये सब-इष्टतम विद्युत रखरखाव के कारण शॉर्ट-सर्किट और एयर-कंडीशनर और अन्य उपकरणों के उपयोग के कारण बिजली लाइनों के अधिभार का परिणाम हैं। अस्पतालों में आग के खतरों से जुड़े संभावित खतरों को देखते हुए यह जरूरी है कि आग को प्रभावी ढंग से रोकने, पता लगाने और प्रतिक्रिया देने के लिए सख्त प्रोटोकॉल और उपाय किए जाएं। एक मजबूत अग्नि सुरक्षा योजना स्थापित करने और अग्नि-निकासी और सुरक्षा अभ्यास आयोजित करने से न केवल नियामक आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित होगा बल्कि जीवन और संपत्ति की सुरक्षा भी होगी।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अग्नि सुरक्षा मानदंडों से संबंधित सभी स्वास्थ्य सुविधाओं के सख्त अनुपालन और कठोर आवधिक मूल्यांकन की आवश्यकता पर बल दिया। इसके साथ राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और संस्थानों को पीडब्ल्यूडी और स्थानीय अग्निशमन विभागों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने की सलाह दी गई, ताकि समय पर अग्नि सुरक्षा एनओसी प्राप्त की जा सके।

# क्रिकेट से केदार जाधव ने लिया संन्यास



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर केदार जाधव ने सोमवार को तत्काल प्रभाव से खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने आखिरी बार 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में भारतीय टीम के लिए खेला था और इंग्लैंड में खेले गए 2019 विश्व कप में भी भारतीय टीम का हिस्सा थे। जाधव ने अपने संन्यास की पुष्टि करने के लिए ट्विटर का सहारा लिया और अपने करियर के दौरान सभी समर्थन और प्यार के लिए प्रशंसकों को धन्यवाद दिया। जाधव ने ट्वीट किया, मेरे पूरे करियर में आपके प्यार और समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद, 3 बजे से मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से रिटायर मान लें।

महाराष्ट्र के आक्रामक मध्यक्रम बल्लेबाज केदार जाधव आईपीएल में अपने डेब्यू पर दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए 29 गेंदों में 50 रन बनाकर सुर्खियों में आए थे। उन्होंने 2008-09 के प्रथम श्रेणी सत्र के दौरान छह अर्द्धशतक और एक शतक बनाया और जिन्होंने उन्हें महाराष्ट्र के लिए बल्लेबाजी करते देखा है, वे उन्हें एक स्वाभाविक ट्वेंटी20 खिलाड़ी मानते हैं। वह शुरूआत में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर डेवलपमेंट स्क्वॉड का हिस्सा रहे, उन्हें दिल्ली ने ड्राफ्ट किया, जिसके लिए बैंगलोर के खिलाफ उनकी पारी संघर्षरत सीजन में एक बड़ी ताकत थी।

आखिरकार वह 2016 में बैंगलोर फ्रैंचाइजी में लौट आए। रणजी ट्रॉफी में, उन्होंने 2013-14 में बेहतरीन प्रदर्शन किया और छह शतकों सहित 1223 रन बनाकर सीजन के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्हें जून 2014 में बांग्लादेश के खिलाफ वनडे के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया, लेकिन टीम में मौका नहीं मिला।

जाधव ने भारत के लिए अपना एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पदार्पण 16 नवंबर 2024 को श्रीलंका के खिलाफ और अपना टी-20आई पदार्पण 17 जुलाई 2015 को जिम्बाब्वे के खिलाफ किया था। उन्होंने अपना आखिरी मैच 8 फरवरी 2020 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में खेला। जाधव ने भारत के 73 एकदिवसीय मैच खेले और 42.09 की औसत से 1389 रन बनाए, इस दौरान उन्होंने 2 शतक और 6 अर्धशतक लगाए, उनका सर्वाधिक स्कोर 120 रन था, साथ ही उन्होंने 27 विकेट भी लिये।

## एक नजर

### नामीबिया ने सुपर ओवर में ओमान को हराया



**बारबाडोस।** डेविड विसे के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत नामीबिया ने सोमवार को यहां सुपर ओवर में ओमान को हराकर 2024 टी20 विश्व कप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। विसे ने पहले मैच में 3 विकेट लिये और उसके बाद सुपर ओवर में भी कमाल का प्रदर्शन किया, पहले उन्होंने सुपर ओवर में 13 रन बनाए, इसके बाद गेंद से कमाल करते हुए ओमान को केवल 10 रन पर रोक दिया और 1 विकेट भी लिया। केंसिंग्टन ओवल में पहले बल्लेबाजी करते हुए ओमान की टीम 19.4 ओवर में 109 रन पर आउट हो गई। जवाब में नामीबिया की टीम भी इसी 20 ओवर में 6 विकेट पर 109 रन ही बना सकी, जिसमें जान फ्राइलिंक ने 48 गेंदों में 45 रन बनाए, वहीं, ओमान की ओर से मेहरान खान ने 7 रन देकर 3 विकेट लिया और मैच को सुपर ओवर में पहुंचा दिया। नामीबिया के गेरहार्ड इरास्मस और डेविड विसे ने सुपर ओवर में 21 रन बनाए और ओमान केवल 10 रन ही बना सका। इससे पहले, नामीबिया के दक्षिण अफ्रीका में जन्मे बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रूबेन ट्रम्पेलमैन ने इतिहास रच दिया, वह टी20आई क्रिकेट के इतिहास में मैच की पहली दो गेंदों पर दो विकेट लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

### मेजर लीग क्रिकेट : पैट कमिंस सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेलने को तैयार

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे सत्र में खेलने के लिए तैयार हैं। 31 वर्षीय कमिंस सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेलेंगे, एरोन फिंच के संन्यास के बाद यूनिकॉर्न्स में नेतृत्व की कमी को कमिंस द्वारा पूरा किए जाने की उम्मीद है। इससे पहले कमिंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल 2024 के फाइनल में पहुंचाया था। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बिग बैश में भी खेल चुके हैं। कमिंस फरवरी के मध्य से ऑस्ट्रेलिया और सनराइजर्स के साथ खेल रहे हैं। विश्व कप की समाप्ति के 5 दिन बाद शुरू होने वाला तीन सप्ताह का एमएलसी कार्यकाल कमिंस के लिए एक कठिन क्रिकेट यात्रा का समापन करेगा, जिसकी शुरूआत उन्होंने फरवरी में न्यूजीलैंड के दौरे से की थी। कमिंस एमएलसी के दूसरे सीजन के लिए साथी ऑस्ट्रेलियाई ट्रैविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल, स्पेंसर जॉनसन, स्टीव स्मिथ और जेक फ्रेजर मैकगर्क के साथ शामिल होंगे। एमएलसी का दूसरा सीजन 5 जुलाई को डबल हेडर के साथ शुरू होगा। पिछले सीजन के फाइनल रीमैच में मौजूदा चैंपियन एमआई न्यूयॉर्क और सिएटल ऑर्कस मॉरिसविले में उद्घाटन मुकाबले में आमने-सामने होंगे, जिसके बाद टेक्सास सुपर किंग्स ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में घरेलू मैच में एलए नाइट राइडर्स से भिड़ेंगे।

### जैस्मीन ने पेरिस ओलंपिक कोटा किया हासिल

नई दिल्ली। अमित पंघाल (51 किग्रा) और जैस्मीन लाम्बोरिया (महिला 57 किग्रा) ने रविवार को बैंकॉक में दूसरे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के अंतिम दिन अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करते हुए दो और कोटा स्थान हासिल किए। पिछले क्वालीफायर से निशांत देव (71 किग्रा) सहित तीन कोटा स्थानों के साथ, देश ने पेरिस 2024 में छह मुक्केबाजी बर्थ पक्की कर लीं। निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने एशियाई खेलों में तीन स्थान हासिल किए थे। बैंकॉक क्वालीफायर के लिए 60 किग्रा में रिजर्व जैस्मीन को तीन किग्रा वजन कम करके 57 किग्रा में फिट होने के लिए कहा गया था, क्योंकि परवीन हुड्डा ने लगभग दो सप्ताह पहले अपने ठिकाने की जानकारी न होने के कारण कोटा खो दिया था। दुबली-पतली जैस्मिन ने माली की मरीन कैमारा को 5-0 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और शानदार तरीके से कोटा हासिल किया। साउथपॉज के बीच मुकाबले में, कॉमनवेल्थ गेम्स की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन ने अपने सिर और शरीर के शॉट्स को अच्छी तरह से अंजाम देने के लिए अपना संयम और रेंज बनाए रखा। उनके फुतीर्ले फुटवर्क, खासकर पीछे हटते समय, ने उन्हें मरीन के वार से बचने और जीत की राह पर जवाबी हमले करने में मदद की। अमित ने शानदार वापसी करते हुए चीनी खिलाड़ी लियू चुआंग को 5-0 से हराया और लगातार दूसरे ओलंपिक में जगह बनाई। सचिन सिवाच (57 किग्रा) कोटा हासिल करने में असफल रहो और किर्गिस्तान के मुनारबेक सेइतबेक उलु से 5-0 से हार गए।

## विश्व लाइव फिडे रेटिंग सूची में चौथे स्थान पर पहुंचे अर्जुन

नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंड मास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फिडे विश्व लाइव रेटिंग में अपनी बढ़त जारी रखी है। उन्होंने रविवार को फ्रेंच टीम शतरंज चैंपियनशिप 2024 में फ्रांस के लोइक ट्रैवडॉन को हराकर रूस के इयान नेपोमनियाचची को पीछे छोड़ते हुए फिडे विश्व लाइव रेटिंग में चौथा स्थान हासिल किया। 2771.2 की करियर-उच्च रेटिंग के साथ, वारंगल के अर्जुन लाइव रेटिंग सूची में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन, यूएसए के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारूआना से पीछे हैं। फ्रेंच टीम शतरंज चैंपियनशिप में मेट्ज फिशर शतरंज क्लब की ओर से खेलते हुए, अर्जुन ने लगातार चौथी जीत हासिल की। इससे पहले, अर्जुन ने हमवतन हरिकृष्ण पेंटाला, जर्मनी के विटाली कुनिन और स्पेन के अलवर अलोंसो रोसेल के खिलाफ जीत हासिल की, जिससे फ्रांस में टूर्नामेंट से उन्हें कुल 9.8 एलो रेटिंग हासिल हुई। 20 वर्षीय अर्जुन शानदार फॉर्म में हैं। वह टेपे सिगमैन शतरंज टूर्नामेंट 2024 में रूसी दिग्गज पीटर स्विडलर के बाद दूसरे स्थान पर रहे और फिर नौ राउंड में छह अंकों के साथ शारजाह मास्टर्स ओपन टूर्नामेंट में संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे। पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन 2830.9 लाइव रेटिंग के साथ क्लासिकल रेटिंग सूची में शीर्ष पर हैं। डी. गुकेश (सातवें) और आर. प्रज्ञानानंद (10वें) दुनिया के शीर्ष दस में शामिल अन्य दो भारतीय हैं, जिससे यह पहला मौका है जब तीन भारतीयों ने सूची में जगह बनाई है।

## आईएसएसएफ विश्व कप: भारतीय निशानेबाजों का शानदार रहा प्रदर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** म्यूनिख में चल रहे अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप के पहले दिन रविवार को कई भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने उत्साहजनक प्रदर्शन किया।

ईशा सिंह ने महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल क्वालिफिकेशन के पहले राउंड में 293 अंक हासिल किए और कुल मिलाकर छठा स्थान हासिल किया। 10 मीटर एयर पिस्टल ट्रायल में दूसरे स्थान पर रहने वाली उनकी हमवतन रिदम सांगवान ने हालांकि 281 अंक हासिल किए और 68वें स्थान पर रहीं। इसके बाद 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजों की बारी आई और ट्रायल्स में शीर्ष पर रहे संदीप सिंह क्वालीफिकेशन से चूक गए (काउंटबैक पर) और वह 631.4 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहे।

दिव्यांश पंवार 631.2 के साथ 12वें स्थान पर रहे जबकि रुद्राक्ष पाटिल ने 630.7 अंक हासिल कर 17वां स्थान हासिल किया। हालांकि, सर्वश्रेष्ठ भारतीय अर्जुन बाबूता रहे, जिन्होंने केवल रैंकिंग पॉइंट (आरपीओ) के लिए शूटिंग करते हुए 635.1 अंक हासिल किए, जो उनका कुल मिलाकर इस इवेंट में दिन का दूसरा सर्वश्रेष्ठ स्कोर था।

**ईशा सिंह ने 293 अंक हासिल कर कुल मिलाकर छठा स्थान हासिल किया**



महिलाओं की एयर राइफल में रमिता ने 633.0 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई। तिलोत्तमा सेन और एलावेनिल वलारिवन, अन्य दो भारतीय दावेदारों ने 629.3 और 628.3 अंक हासिल कर क्रमशः 30वें और 45वें स्थान पर रहीं।

## बारबाडोस जाते समय कमिंस का बैग खोया

**मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को यात्रा में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई टीम ओमान के खिलाफ अपने टी-20 विश्व कप के पहले मैच के लिए तैयार है, वहीं टीम के कई प्रमुख खिलाड़ियों को बारबाडोस में टीम से जुड़ने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। क्रिकेट-कॉम. एयू के अनुसार, तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस और ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को यात्रा में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।



आईपीएल फाइनल में भाग लेने के बाद कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया में कुछ समय के लिए रुककर दो दिन की कैरेबियाई यात्रा की, लेकिन उन्हें पता चला कि उनका सामान रास्ते में ही खो गया है। हालांकि अब कमिंस का सामान उन्हें मिल गया है। इस बीच, स्टार्क और मैक्सवेल को उड़ान में देरी का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें लॉस एंजिल्स और मियामी में रात भर रुकना पड़ा। एक अन्य ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस को भी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब उनका क्रिकेट किट अभ्यास मैच के लिए त्रिनिदाद नहीं पहुंचा। हालांकि इस देरी के कारण ऑस्ट्रेलिया के कई महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को मैदान पर बहुत कम समय मिल पाया है और 6 जून को ओमान के खिलाफ होने वाले टूर्नामेंट के पहले मैच से कुछ दिन पहले ही वे कई लंबी उड़ानों के प्रभाव को महसूस कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने अभियान की शुरूआत 6 जून को केंसिंग्टन ओवल, ब्रिजटाउन, बारबाडोस में ओमान के खिलाफ करेगा।

## 40 मिनट में जीत दर्ज कर अंतिम आठ में पहुंची स्विएटेक

पेरिस। दो बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्विएटेक ने रविवार को क्ले मेजर में अपना दबदबा दिखाते हुए अनास्तासिया पोटापोवा को केवल 40 मिनट में 6-0, 6-0 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। यह स्विएटेक के करियर की सबसे तेज जीत थी और 1988 के फाइनल में स्टेफी ग्राफ की नताशा जेवेरेवा पर 32 मिनट की जीत के बाद रोलांड गैरोस में दूसरा सबसे छोटा मैच था। मैच के बाद ऑन कोर्ट साक्षात्कार में स्विएटेक ने कहा, मैं वास्तव में केंद्रित थी और अपने क्षेत्र में थी। मैं स्कोर को नहीं देख रही थी, इसलिए मैंने अपने खेल पर काम करना जारी रखा। स्विएटेक के लिए अगला मुकाबला विंबलडन की मौजूदा चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा से है, जो पांचवीं वरीयता प्राप्त हैं और उन्होंने सर्बियाई क्वालीफायर ओल्गा डैनिलोविच के अभियान को सीधे सेटों में समाप्त किया। यूएस ओपन विजेता कोको गॉफ ने भी आसान जीत दर्ज की। तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने दुनिया की 51वें नंबर की खिलाड़ी एलिसाबेटा कोकियारेटो को 6-1, 6-2 से हराया। कोकियारेटो ने शीर्ष 20 में शामिल दो खिलाड़ियों को हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी।

## ग्रिगोर ने फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**क्वार्टर फाइनल में दिमित्रोव का सामना दूसरे वरीय जननिक सिनर से होगा**

एजेंसी

**पेरिस।** बुल्गारिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी ग्रिगोर दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन 2024 के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। दिमित्रोव ने ह्यूबर्ट हर्काज को दो घंटे और 51 मिनट तक चले मुकाबले में 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया और क्ले-कोर्ट मेजर में अपने पहले क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 33 वर्षीय खिलाड़ी इसी के साथ अब चारों ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में से प्रत्येक में अंतिम आठ में पहुंच गए हैं।



एटीपी के हवाले से दिमित्रोव ने कोर्ट पर दिए अपने साक्षात्कार में कहा, इतने अच्छे दोस्त के खिलाफ खेलना बहुत मुश्किल है। मैं उसे काफी सालों से जानता हूं। हम काफी अभ्यास करते हैं और हमने साथ में काफी समय बिताया है। मुझे पता था कि यह एक मुश्किल मैच होगा, लेकिन मुझे यह भी पता था कि मुझे काफी संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा, मैं हमेशा दूसरे सप्ताह तक पहुंचना चाहता था। रोलैंड गैरोस एकमात्र ऐसा स्लैम था, जहां मुझे लगा कि मैं वह अतिरिक्त कदम नहीं उठा सकता। लेकिन आज, 15 साल बाद, मैंने ऐसा किया, इसलिए मैं इससे बहुत खुश हूं। दिमित्रोव से जब उनकी सौंदर्यपूर्ण शैली के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि खास तौर पर जब आप यहां क्ले कोर्ट पर खेलते हैं, तो आपको अपने टेनिस के साथ एक तस्वीर बनानी होती है। आपको चालाकी की जरूरत होती है और कोर्ट को थोड़ा-बहुत पढ़ने में भी सक्षम होना चाहिए। क्ले कोर्ट हमेशा बहुत पेचीदा होते हैं, आप कभी नहीं जानते कि आपको किस तरह की परिस्थितियां मिलेंगी।

उन्होंने कहा, मुझे अपने मौके पसंद हैं, मुझे पसंद है जब मैं अपने शरीर का भरपूर इस्तेमाल कर सकता हूं और कोर्ट के चारों ओर गेंदों का पीछा कर सकता हूं। अपनी स्लाइस का इस्तेमाल करता हूं, अपनी विविधता का इस्तेमाल करता हूं। साथ ही, जब गेंद को हिट किया जाना होता है, तो मैं उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करता हूं। क्वार्टर फाइनल में दिमित्रोव का सामना दूसरे वरीय जननिक सिनर से होगा।

# व्यापार

## मदर डेयरी ने भी दूध के दाम में 2 रुपये प्रति लीटर का किया इजाफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले अमूल डेयरी के बाद अब मदर डेयरी ने भी अपने उत्पादों के दाम बढ़ाने का ऐलान किया है। मदर डेयरी ने दूध के दाम में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। अमूल डेयरी के दाम बढ़ाने के 12 घंटे बाद ही मदर डेयरी ने भी अपने उत्पादों का दाम बढ़ा दिया है। नई दरें सोमवार से लागू हो गई हैं।



मदर डेयरी ने तीन जून से दिल्ली-एनसीआर में अपने ताजा पाउच दूध सहित सभी प्रकार की दूध की कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। इस बढ़ोतरी के बाद मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध 68 रुपये प्रति लीटर, टोन्ड दूध 56 रुपये प्रति लीटर और डबल टोंड दूध 50 रुपये प्रति लीटर का हो गया है। इसी तरह भैंस और गाय के दूध की कीमत अब क्रमशः 72 रुपये और 58 रुपये प्रति लीटर हो गई है, जबकि टोकन दूध (थोक में बेचा जाने वाला दूध) 54 रुपये प्रति लीटर बेचा जाएगा।

कंपनी के बयान के अनुसार इस निर्णय का उद्देश्य बढ़ती उत्पादन लागत की भरपाई करना है, जो एक साल से अधिक समय से उद्योग को प्रभावित कर रही है। गौरतलब है कि मदर डेयरी दिल्ली-एनसीआर में प्रतिदिन 35 लाख लीटर ताजा दूध बेचती है। कंपनी ने आखिरी बार फरवरी 2023 में अपनी कीमतों में इजाफा किया था।

## रुझानों से अडाणी ग्रुप के शेयरों में जोरदार तेजी

**12 बजे तक ग्रुप की लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैप में 3 लाख करोड़ का इजाफा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एग्जिट पोल के रुझानों का सोमवार को शेयर मार्केट पर काफी असर पड़ा है। केंद्र में एक बार फिर नरेन्द्र मोदी की सरकार के गठन की संभावना दिखने के कारण बाजार पर तेजड़ियों के कब्जे से अडाणी ग्रुप के शेयरों में जोरदार तेजी दिख रही है। शेयर मार्केट में लिस्टेड अडाणी ग्रुप की कंपनियों के सभी शेयर आज रॉकेट की तरह तेज रफ्तार में बढ़ते हुए नजर आ रहे हैं। अडाणी ग्रुप के शेयरों में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट में लिस्टेड ग्रुप की कंपनियों का मार्केट कैप कुल मिलाकर 20 लाख करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है। दिन के पहले सत्र के कारोबार के दौरान ही अभी तक अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों का मार्केट कैप लगभग 3 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ चुका है। अगर अडाणी ग्रुप के




सभी शेयरों की बात की जाए, तो दोपहर 12 बजे तक सबसे अधिक तेजी अडाणी पोर्ट्स और अडाणी पावर के शेयरों में दिख रही थी। दोपहर 12 बजे तक अडाणी पोर्ट्स का शेयर 10.64 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,590.60 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह अडाणी पावर 13.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 859 रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

इसके अलावा ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइज के शेयर 7.91 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,681.15 रुपये के स्तर पर, अडाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर 4.37 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,999 रुपये के स्तर पर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशन्स के शेयर 8.13 प्रतिशत की उछाल के साथ 1,214.05 रुपये के स्तर पर, अडाणी विल्मर के शेयर 3.27 प्रतिशत की तेजी के साथ 367.50 रुपये के स्तर पर, अडाणी टोटल गैस के शेयर 7 प्रतिशत उछल कर 1,111.90 रुपये के स्तर पर, एसीसी के शेयर 4.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,648.95 रुपये के स्तर पर, अंबुजा सीमेंट के शेयर 4.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 661.30 रुपये के स्तर पर और एनडीटीवी के शेयर 6.27 प्रतिशत की उछाल के साथ 263.55 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे।

## आईएटीए की आगामी आम बैठक की नई दिल्ली में मेजबानी करेगी इंडिगो

**आईएटीए की वार्षिक आम बैठक 42 साल के बाद भारत में होगी**

एजेंसी

**दुबई/नई दिल्ली।** बजट विमानन कंपनी इंडिगो जून 2025 में नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) की आगामी वार्षिक आम बैठक की मेजबानी करेगी। ये घोषणा आईएटीए की यहां जारी वार्षिक आम बैठक में की गई। एयरलाइन ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि इंडिगो 8-10 जून, 2025 को भारत की राजधानी नई दिल्ली में 81वीं आईएटीए वार्षिक आम बैठक (एजीएम) और विश्व वायु परिवहन शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने सोमवार को कहा कि आईएटीए की वार्षिक आम बैठक 42 साल के बाद भारत में होगी।

एल्बर्स ने आईएटीए में उपस्थित लोगों को बताया कि इंडिगो ने पहली बार उड़ान भरने



वाले लाखों यात्रियों को सुविधा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि हम 2025 में 81वीं आईएटीए एजीएम के लिए भारत के प्रवेश द्वार शहर नई दिल्ली में विमानन उद्योग को इकट्ठा करने के लिए तत्पर हैं। गौरतलब है कि आईएटीए 330 से अधिक एयरलाइन का एक वैश्विक समूह है।

## संक्षिप्त समाचार

### अन्य संस्थाएं भी निभाएं अपनी सामाजिक जिम्मेवारीः रजनीश वर्मा




**चमकता राजस्थान। अज़मेर!** अजमेर कचहरी रोड स्थित बैद्यनाथ स्टोर पर भीषण गर्मी और हीट वेव के मध्य नजर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आवाहन पर सामाजिक संस्थाएं सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए एक्शन मोड में दिखी आज जवाहर फाउंडेशन के द्वारा 2000 छाछ के पैकेट बांटे गए इस अवसर पर जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी रजनीश वर्मा मौजूद थे उन्होंने कहा सामाजिक संस्थाओं को वर्तमान परिस्थितियों में भी इस प्रकार के विषय पर काम करना चाहिए आज अजमेर में जितनी भी सामाजिक संस्थाएं हैं वह किसी भी समस्या का तुरंत समाधान हो सकता है अगर तीन दिनों से फाउंडेशन द्वारा विभिन्न स्थानों पर शीतल पेयजल अथवा छाछ वितरण का कार्यक्रम निरंतर जारी है इस अवसर पर कार्यक्रम में मौजूद थे अजय टैगॉड ,बृजेश गौड़,सतीश शुक्ला,गिरीश शर्मा,अशोक मुदगल एडवोकेट मुकेश शर्मा ,अनिता शर्मा,दीपिका गौड,मधु भारद्वाज ज्योति जोशी,करूणा गौड, हेमलता कशयप ,रमा शर्मा, वनिता जैमन अंकाई वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

### शाहपुरा उपखंड के मेधावी विद्यार्थियों को किया गया भव्य अंदाज से सम्मानित



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)** शाहपुरा उपखंड की आदर्श कॉलोनी, वार्ड नं 34,ग्राम रामपुरा सहित कई क्षेत्रों के कक्षा दस में उच्चतम अंक प्राप्तकर्ता मेधावी विधार्थियों व परिजनों का उनके निवास स्थान पर सेवानिवृत्त प्राचार्य सुवालाल वर्मा,प्रभु दयाल जेवरिया,पूर्व सरपंच रामसहाय बुनकर,वरिष्ठ अध्यापक जगदीश नीझर,धनशयाम सुठवाल, बैंक मैनेजर अशोक कुमार तंवर,डॉ पूरणमल बुनकर,ग्राम विकास अधिकारी नीरज कुमार बुनकर,पार्षद प्रतिनिधि धर्मपाल नैनावत आदि ने साफ़ा,माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर सम्मान किया।संजय कोलिला,रिछपाल बंगाली, प्रमोद कोलिला,सुनील कुमार, नन्दलाल ने बताया कि कक्षा दस में योगिता वर्मा ने 93.85%, मुकुल कुमार वर्मा 94.33% शहीद पुत्री ऋषिका जेवरिया 89.55%,वैभव कुमार 88.67%,अग्नेश कुमार 83% सहित कई प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। प्रतिभाओं ने अपनी सफलताकाश्रेयमहापुरुषों,पिता-माता,शिक्षकों व परिवारजनों को दिया।इस अवसर पर रामकिशोर तंवर,सुनील नैनावत,नन्दलाल कोलिला, हेमन्त,रामनाथ,मुकेश कुमार,राहुल जेवरिया,प्रदीप कुमार कोलिला,कैलाश,पूरण नैनावत सहित परिजन उपस्थित रहे।

### भाजपा प्रत्याशी उपेन यादव ने पेयजल आपूर्ति को नियमित रूप से व्यवस्थित करवाने के संबंध में कसी कमर

- संबंधित अधिकारियों से मिलकर वास्तविकता से करवाया रूबरू,
- समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का किया आग्रह



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)** शाहपुरा से भाजपा प्रत्याशी रहे हैं युवा भाजपा नेता उपेन यादव ने शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र से पेयजल आपूर्ति संबंधित समस्याओं के निस्तारण और शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र की जनता को पीने का पानी सुचारु रूप से मिले जिसके लिए आज अमरसर,खेजरोली मनोहरपुर शाहपुरा,जलदाय विभाग के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता से मिलकर,आमजन के साथ पेयजल आपूर्ति केनिस्तारण के लिए रूप रेखा तैयार की ' इस दौरान उपेन यादव ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ समय के लिए पेयजल की विकट परिस्थितिया जरूर है जिसके निस्तारण के लिए मैं कटिबंध हूं 'चाहे मैं चुनाव हार गया हूं लेकिन मैं शाहपुरा परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़ा हूं और खड़ा रहूंगा।और आने वाले समय में ईआरसीपी का पानी शाहपुरा में लेकर आऊंगा और घर-घर तक पीने का पानी सबको मिलेगा यह शाहपुरा विधानसभा परिवार से मेरा वादा है '

---

### उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सोशल मीडिया के मार्फ़त दी श्रद्धांजलि

# लोकप्रिय कर्मचारी नेता स्व. श्री हनुमान सिंह जी को 19वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

### उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, प्रताप सिंह खाचरियावास सहित सैकड़ों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार डॉ. प्रेम चंद बैरवा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे प्रताप सिंह खाचरियावास, पूर्व चेयरमैन राजसिको राजीव अरोड़ा, श्री राजपूत सभा के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई, पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, राजस्थान जे. सी. महांति, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा. आनन्देश्वर पांडे सहित राजधानी के राज्य कर्मचारियों तथा राजनीति व खेल जगत से जुड़ी हस्तियों ने अपने लोकप्रिय नेता, कुशल खेल प्रशासक तथा मार्गदर्शक स्व. श्री हनुमान सिंह जी की 19वीं पुण्यतिथि पर श्रृदांजलि अर्पित की। राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से श्रद्धांजलि दी।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत), राजस्थान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, तकनीकी कर्मचारी संघ व हनुमान सिंह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में श्री राजपूत सभा भवन पर सुबह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक श्रृदांजलि सभा का आयोजन किया गया।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के संरक्षक डा. तेजराज सिंह व प्रदेशाध्यक्ष यश प्रताप सिंह ने बताया कि श्रृदांजलि देने वालों में श्री राजपूत सभा के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह, राज्य सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता सुरेंद्र सिंह नरुका, राज्य कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष विजय पूनिया, पुलिस उपाधीक्षक राजू लाल, बीजेपी नेता कुलदीप मिश्रा, राज्य तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास, उपाध्यक्ष निर्मल गोयल, एसआरएफ़आई की उपाध्यक्ष सुरभि मिश्रा, इतिहासकार श्री राघवेंद्र सिंह मनोहर, कर्मचारी नेता गजेंद्र सिंह राठौड़, शंकर सिंह मनोहर, सूरज प्रकाश टांक, राजकुमार कायथ, बाबूलाल चौधरी, लक्ष्मण सिंह राजावत, खेल अधिकारी करण सिंह शेखावत, टेबिलटन इंडिया के निदेशक डॉ. सौरभ जैन, डीसीसी, जयपुर के महासचिव विनयपाल सिंह जादौन, भारतीय हैंडबॉल टीम के कोच प्रियदीप सिंह खंगारोत सहित महासंघ (एकीकृत) से संबंधित सभी संगठनों के पदाधिकारियों के अलावा राज. जन स्वा. अभि. विभाग तकनीकी कर्मचारी संघ के सभी पदाधिकारियों, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारीयों के साथ-साथ विभिन्न खेलों के अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय खिलाडियों के अलावा स्व. हनुमान सिंह जी के मित्रगणों आदि ने श्रृदांजलि अर्पित की।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के लगभग सभी जिलों में श्रृदांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें राज्य कर्मचारियों ने अपने प्रिय नेता को श्रृदांजलि अर्पित की।

यश प्रताप सिंह ने बताया कि स्व. हनुमान सिंह जी की जयंती (28 अगस्त) तक विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन जयपुर सहित अन्य जिलों में किया जायेगा, इसमें मुख्यतः पक्षियों के लिये परिंदे बांधना, राज्य कर्मचारियों के लिये मेडिकल कैंप व नशामुक्ति शिविर तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम आदि प्रमुख हैं।

---

## होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डी.जी.साहू से करी शिष्टाचार मुलाकात !

### अध्यक्ष हुसैन खान के नेतृत्व में रखा होटल फैडरेशन ऑफ राजस्थान का सकारात्मक पक्ष

चमकता राजस्थान



जयपुर (खलील कुरैशी)होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान पुलिस महानिदेशक यू.आर साहू से शिष्टाचार भेंट की इस अवसर पर उनको विभिन्न समस्याओं से भी अवगत करवाया गया. कुछ दिन पहले पुलिस द्वारा रात 10:00 बजे के बाद म्यूजिक एवं 12 के बाद बार रेस्टोरेंट बंद करने के आदेश पुलिस डिपार्टमेंट द्वारा जारी किए गए थे. लेकिन फेडरेशन के सदस्यों का निवेदन था की बार रेस्टोरेंट के अलावा अन्य रेस्टोरेंट जिनका उपयोग टेक अवे के लिए किया जाता है या हाईवे पर जो रेस्टोरेंट है उनको लेट नाइट तक की छूट दी जानी चाहिए. जिससे राजस्थान में आने वाले पर्यटकों को हाईवे पर खाना उपलब्ध हो सके. प्रधानमंत्री द्वारा एवं मुख्यमंत्री के निर्देश पर राजस्थान में पर्यटन विभाग द्वारा वेडिंग टूरिज्म को बढ़ावे के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. इसको देखते हुए खुले गार्डन मैं छोड़कर सॉफ्ट म्यूजिक मैरिज हॉल के अंदर या प्रोटेक्टेड एरिया मैं परमिट किया जाना चाहिए. इसके साथ-साथ उदयपुर में पुलिस द्वारा होटलइयर के साथ कंप्लीमेंट्री सुविधा के लिए लगातार हरासमेंट किए जाने की घटना से भी डी. जी. साहू को अवगत कराया गया जिसपर संज्ञान लेते हुए साहू ने सभी विषयों पर आगामी दिनों में उचित निर्णय लेकर समाधान का आश्वासन दिया! इस अवसर पर होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान पूर्व अध्यक्ष उदयपुर होटल एसोसिएशन विश्व विजय ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, सचिव शैलेश प्रधान, सदस्य- रतन यादव, संजय खंडेलवाल, आशीष यादव उपस्थित रहे।

---

## जलदाय मंत्री ने बून्दी में पेयजल योजना के फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण

- प्लांट पर पेयजल की शुद्धता एवं गुणवत्ता भी जांची
- नियमित अन्तराल में शुद्ध पेयजल आपूर्ति की जाए:जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री



**चमकता राजस्थान। जयपुर;(खलील कुरैशी) 3 जून।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में भीषण गर्मी एवं लू चल रही है, इस गर्मी के मौसम में प्रदेशवासियों को किसी भी प्रकार का पेयजल संकट नहीं हो एवं नियमित अन्तराल में शुद्ध जलापूर्ति हो इसके लिए विभाग कटिबंध है। जलदाय मंत्री ने सोमवार को बूंदी जिले में पेयजल योजना के फिल्टर प्लांट के निरीक्षण के दौरान यह बात कही। उन्होंने बून्दी क्षेत्र में पेयजल योजना के 26 एमएलडी फिल्टर प्लांट एवं 8 एमएलडी निर्माणाधीन फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पानी की शुद्धता व गुणवत्ता की जानकारी ली एवं पेयजल आपूर्ति के संबंध में आवशयक दिशा निर्देश प्रदान किए।जलदाय मंत्री ने मौके पर पानी की शुद्धीकरण में आने वाले एलम,पीएसी (ढअउ) एवं अन्य मिनरल के उपयोग में ली जाने वाली मात्रा की जानकारी प्राप्त कर उपयोग में ली जाने वाली मात्रा के रजिस्टर संधारण के निर्देश प्रदान किये। उन्होंने पेयजल आपूर्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वाले अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जलदाय मंत्री ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के विधानसभा क्षेत्र रामगंज मंडी सहित कोटा एवं बून्दी क्षेत्र से संबंधित पेयजल व्यवस्था को लेकर समीक्षा की एवं अधिकारियों को बेहतर गुणवत्ता बनाए रखने हुए फील्ड में रहकर लगातार मॉनिटरिंग करने सहित अन्य आवशयक दिशा-निर्देश दिए।

---

# मुस्लिम समाज चित्तौड़गढ़ ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

### पवित्र ग्रन्थ कुरान शरीफ पर अभद्र टिप्पणी व जलाने का किया पूरजोर विरोध

चमकता राजस्थान



चित्तौड़गढ़ !चित्तौड़गढ़ 03 जून। हाल ही में यू-ट्यूबर सिद्धार्थ चतुर्वेदी नामक व्यक्ति के विडियो में मुस्लिमों के पवित्र ग्रन्थ कुरान शरीफ के साथ अभद्र टिपण्णी करने व उसे जलाने की कोशिश करने की घटना को लेकर सम्पूर्ण देश में पनपे मुस्लिम समाज के आक्रोश के चलते सोमवार को सर्व आम मुस्लिम समाज, चित्तौड़गढ़ द्वारा प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार कर राष्ट्र विरोधी धारा में मुकदमा दर्ज करने की मांग की। सर्व आम मुस्लिम समाज, चित्तौड़गढ़ की ओर से शेर-ए-मेवाड़ अब्दुल रशीद बरकाती ने बताया कि शहर-ए-काजी अब्दुल मुस्तफा चिश्ती करीमी की सरपरस्ती में दिये ज्ञापन में आक्रोश जताते हुए आरोप लगाया कि इस चैनल के माध्यम से कई ऐसे विडियो बनाये गए है जिसमें मुस्लिम महिलाओं के ऊपर जुल्म जैसे दृशय चित्रण समस्त महिलाओं का अपमान है वही इस्लाम धर्म व मुस्लिम समाज की एक झूठी छवि गढ़ने का प्रयास भी है जो की नाक×काबिले बर्दाश्त है। इस तरह एक धर्म विशेष को निशाना बना कर झूठ के ज़रिये गलत तथ्य परोसने के घटिया प्रयास की सख्त मज़ममत की। इस्लाम धर्म की धार्मिक पुस्तक कुरान शरीफ को जलाने के प्रयास का सभी ने पूरजोर विरोध जताया। इस मौके पर मौलाना रजाउल मुस्तफा, पूर्व अंजुमन सदर हाजी अब्दुल गनी शेख, खुसरो कमाल, इकबाल हुसैन अब्बासी, पूर्व पार्षद खिजर खां, इस्माईल मंसूरी, फिरोज खां, अब्दुल रशीद, इम्तियाज हुसैन, ताहीर हुसैन, जुल्फिकार मुल्तानी, जफर हुसैन, मुबारिक टेलर, जावेद खान, युनुस मंसूरी, अकरम, मासूम अब्बासी, मुबारिक खान, फरीद भाई, शरीफ खान, फिरोज, कमरूद्दीन सहित कई आम मुस्लिम समाजजन मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929